e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 286
गुरुवार
19.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दोस्ती अगर दिल से होती है तो उम्र भर तक निभाई जाती है !

**पांचवा स्कंदमाता**



देवी दुर्गा का पंचवा रूप स्कंदमाता है। इनका ये नाम भगवान शिव के पुत्र कार्तीकेय या स्कंद को जन्म देने के कारण पड़ा है। ये अपनी गोद में षढानन कार्तीकेय को धारण किए रहती हैं। मां का ये रूप सुख प्रदान करने वाला है।

**कैबिनेट का फैसला : अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख पक्का घर का होगा निर्माण**

# रोटी-कपड़ा के बाद अब मिलेगा आवास : हेमंत

*** 16 हजार 320 करोड़ रुपए की लागत से तीन चरणों में आवास का निर्माण होगा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्र सरकार द्वारा राज्य के गरीबों को दिए जाने वाले आठ लाख से अधिक आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत आवास विहीन गरीब लोगों के लिए आठ लाख पक्का आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण वित्तीय वर्ष 2023-24 में 02 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार एवं 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास का निर्माण किया जाएगा। 16 हजार 320 करोड़ रुपए की लागत से तीन चरणों में आवास का निर्माण होगा।

**इसके तहत प्रथम चरण वित्तीय वर्ष 2023-24 में 02 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार एवं 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास का निर्माण किया जाएगा।**



### ऐसा होगा अबुआ आवास

अबुआ आवास योजना के अंतर्गत तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर बनाया जाएगा, जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगा। योजना अंतर्गत तीन कमरों सहित स्वच्छ रसोई घर का प्रावधान किया गया है। योग्य लाभुकों के लिए योजना के तहत आवास निर्माण के लिए सहयोग राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का प्रावधान हुआ है। साथ ही, लाभार्थी को मनरेगा अंतर्गत अपने आवास के निर्माण के लिए वर्तमान मजदूरी( समय समय पर संशोधित) दर पर अधिकतम 95 अकुशल मानव दिवस के समतुल्य आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण हेतु प्राप्त होगा।

### इनको मिलेगा अबुआ आवास योजना का लाभ

योजना का लाभ कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवासविहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार कानूनी तौर पर रिहा किये गये बंधुआ मजदूर एवं वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो उन्हें मिलेगा। उपर्युक्त पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा में तैयार की जाएगी।

### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- जेल के अस्पतालों में कार्यरत पारा मेडिकल स्टाफ की सेवा नियमावली में संशोधन।
- पुरानी पेंशन योजना के तहत 700 करोड़ रूपया निवेश करने का प्रस्ताव पारित।
- राज्य के डिप्लोमा पास छात्र-छात्राओं को अलग-अलग अंगीभूत विश्वविद्यालय में अप्रेंटिसशिप करने की मिली स्वीकृति।
- 2018 मैं लालपुर थाना अंतर्गत हुए भारत बंद के दौरान विरोध प्रदर्शन में जिन आदिवासियों पर मुकदमा हुआ था, उसको वापस लेने पर सहमति बनी।
- स्कूली शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत बीआरपी और सीआरपीएफ के मानदेय मत में 25 प्रतिशत की वृद्धि का समायोजन योजना मद से किया जाएगा।
- पेयजल विभाग के अंतर्गत कार्यरत जल सहियाओं के लंबित मानदेय भुगतान के लिए एक अरब रुपए की स्वीकृति।
- धोती साड़ी की ट्रांसपोर्टेशन के लिए पीडीएस दुकानदारों को मिलेगा 2 जीएसटी में ऑनलाइन गेमिंग श्रेणी में कौन-कौन से गेम आते हैं इसको क्लियर किया गया उसे प्रस्ताव को पारित किया गया।
- झारखंड ग्राम गाड़ी योजना के अधिनियम को कैबिनेट की सहमति, ट्रांसपोर्टर को मिलेगी कई रियायत
- विधायक योजना की राशि को लैप्स होने से बचने के लिए उसे राष्ट्रीयकृत बैंकों के खाते में रखा जा सकेगा।
- राज्य संपोषित योजना की मद में अबुआ आवास देने की योजना पर स्वीकृति, अबुआ आवास तीन कमरों का होगा।

## बिजली महंगी होने के पीछे अडानी : राहुल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से अडानी मुद्दा उठाया है और आरोप लगाया है कि अडानी ने 32 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है. उन्होंने ये भी कहा कि अडानी की वजह से ही बिजली महंगी मिलती है. कांग्रेस नेता ने कहा,अडानी जी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते है और उसका हिन्दुस्तान में रेट डबल हो जाता है. वो कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं.प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए राहुल गांधी ने कहा,लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अडानी की जेब में पैसा जाता है. अडानी की रक्षा भारत के पीएम कर रहे हैं. दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है। लेकिन भारत में अडानी को ब्लैंक चेक दिया हुआ है. वो जो मर्जी चाहें कर सकते हैं. लोग 32 हजार करोड़ का आंकड़ा याद रखें. पीएम अडानी की जांच क्यों नहीं करवाते ? शरद पवार की अडानी से नजदीकी को लेकर राहुल गांधी ने कहा,शरद पवार देश के पीएम नहीं हैं, वो अडानी की रक्षा नहीं कर रहे हैं. इसलिए मैं शरद पवार से अडानी को लेकर सवाल नहीं पूछता.उन्होंने मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा, कोयले का गलत दाम दिखा बिजली की कीमत बढ़ा कर अडानी ने लोगों की जब से 12 हजार करोड़ रुपए वसूले हैं. बिजली की बढ़ती कीमत के पीछे अडानी हैं. हैरानी है कि मीडिया इस पर सवाल नहीं उठाती. ऐसी खबर से सरकार गिर जाती है. हम कर्नाटक और राजस्थान में लोगों को सबसिडी दे रहे हैं जबकि अडानी कीमत बढ़ा रहे हैं. पीएम चुप क्यों हैं?

**पीएम अडानी की जांच क्यों नहीं करवाते ? शरद पवार की अडानी से नजदीकी को लेकर राहुल गांधी ने कहा,शरद पवार देश के पीएम नहीं हैं, वो अडानी की रक्षा नहीं कर रहे हैं. इसलिए मैं शरद पवार से अडानी को लेकर सवाल नहीं पूछता.उन्होंने मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा, कोयले का गलत दाम दिखा बिजली की कीमत बढ़ा कर अडानी ने लोगों की जब से 12 हजार करोड़ रुपए वसूले हैं.**

## क्विक न्यूज

### झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास बने ओडिशा के राज्यपाल



**नई दिल्ली :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है. वहीं इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया है. राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बयान जारी कर ये जानकारी दी.बयान में आगे कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ये नियुक्तियां करते हुए खुशी हो रही है. इसमें आगे लिखा है कि दोनों पदों पर नियुक्ति उस तारीख से प्रभावी होंगी जब दास और नल्लू अपने-अपने कार्यभार संभालेंगे.दास फिलहाल बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. वो 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हैं. वहीं रेड्डी बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव हैं और तीन बार विधायक रह चुके हैं. आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष की भी कमान संभाल चुके हैं.

### चुटूपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा, चालक और खलासी की मौत

**रामगढ़ :** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बुधवार को भीषण सड़क हादसे में चालक और खलासी की दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के केबिन में फंस जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे दोनों लोगों निकाले का प्रयास किया, तब तक काफी देर हों चुकी थी।जानकारी के अनुसार रांची से हजारीबाग की ओर जा रही सरिया लदा ट्रेकर को पीछे से पाइप लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें चालक और खलासी बुरी तरह फंस गए। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नही हुई थी। बताया जाता है दोनों मृतक यूपी के इटावा के रहने वाले थे।

### 90 किलो गांजा बरामद

**गुमला :** पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त महिन्द्रा कार से 90 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने गुमला थाना परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि एक्सयूवी-500 टोटो के बैंक ऑफ इंडिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

## पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**विमान रांची से कोलकाता के लिए उड़ान भरती है. लगभग डेढ़ सौ यात्री इस में बैठे हुए थे**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर अचानक ही एक विमान के इंजन में खराबी आ गई. जिसकी वजह से विमान की उड़ान रद्द कर दी गई. रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बुधवार सुबह 8:30 बजे उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में खराबी आ गई. इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने के बाद विमान के उड़ान को कैंसिल कर दिया गया.उड़ान भरने से पहले ही पायलट ने एयरपोर्ट अथॉरिटी और रिपेयरिंग टीम को तकनीकी खराबी की जानकारी दी. जिसके बाद रिपेयरिंग करने वाली टीम और इंजीनियर मौके पर पहुंचकर विमान में आई तकनीकी खराबी की जांच में जुट गए. एयरपोर्ट निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि उड़ान भरने से पहले ही इंडिगो की विमान संख्या 6ई 7562 के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई. जिसकी जानकारी एयरपोर्ट अथॉरिटी को मिलते ही यात्रियों को विमान से बाहर निकाल दिया गया.यह विमान रांची से कोलकाता के लिए उड़ान भरती है. लगभग डेढ़ सौ यात्री इस में बैठे हुए थे और कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाले थे. लेकिन सही समय पर पायलट ने तकनीकी खराबी की जानकारी एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी. जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को विमान से बाहर निकाल दिया गया और उन्हें विमान में आई तकनीकी खराबी की जानकारी दी गई. जानकारी मिलने के बाद कई यात्रियों ने अपना टिकट कैंसिल करा लिया तो वहीं कई यात्री इंतजार में बैठे रहे.

## राजस्व कर्मचारी 4 हजार रिश्वत लेते अरेस्ट

**बताते चले कि हुसैनाबाद के दरुआ ग्राम निवासी राजेश तिवारी पिता स्व दामोदर तिवारी ने एसीबी को आवेदन दिया था कि मेरी पत्नी अंजू देवी के नाम से ग़ामरामपुर उर्फ मेहदी नगर के खाता संख्या 07 प्लॉट संख्या 207 में 2 डिसमिल जमीन वर्ष 2020 में खरीदा था।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** राजस्व कर्मचारी सचिन गुप्ता चार हजार रिश्वत लेते अपने जपला आवास से एसीबी द्वारा गिरफ्तार किया गया। बताते चले कि हुसैनाबाद के दरुआ ग़ाम निवासी राजेश तिवारी पिता स्व दामोदर तिवारी ने एसीबी को आवेदन दिया था कि मेरी पत्नी अंजू देवी के नाम से ग़ामरामपुर उर्फ मेहदी नगर के खाता संख्या 07 प्लॉट संख्या 207 में 2 डिसमिल जमीन वर्ष 2020 में खरीदा था। जिसका नामांतरण करने के लिए जुलाई 2023 में सर कागजात ऑनलाइन किया।
परंतु अभी तक नामांतरण नहीं हुआ है। जिसका नामांतरण मुकदमा संख्या 1452 आर 27/2023-24 हुसैनाबाद है। अपनी पत्नी के नाम से खरीदी गई जमीन के नामांतरण के लिए आंचल हुसैनाबाद के हल्का नंबर 6 के राजस्व उप निरीक्षक सचिन गुप्ता से मिले तो उनके द्वारा 5000 रिश्वत की मांग की गई। आवेदक घूस देना नहीं चाहते थे। उक्त आवेदक के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू में प्रतिनियुक्ति पुलिस निरीक्षक के द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया तथा सत्यापन के दौरान वादी से आरोपी 4000 रिश्वत लेकर वादी का काम करने के लिए तैयार हो गए।
इस प्रकार आरोपी द्वारा रिश्वत मांगने की बात सत्य पाया गया। वादी के आवेदन एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू थाना कांड संख्या 8/2023 दिनांक 17.10.2023 धारा 7 एपीसी अमेंडमेंट एक्ट एक्ट 2018 पंजीकृत किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के धावा दल के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में बुधवार को अभियुक्त सचिन कुमार गुप्ता उम्र 31 वर्ष पिता अवधेश प्रसाद ग्राम पोस्ट जालिम खुर्द थाना एवं जिला लातेहार वर्तमान राजस्व उप निरीक्षक हल्का नंबर 6 नगर पंचायत हुसैनाबाद जिला पलामू को वादी राजेश तिवारी द्वारा 4000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

### 23 आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सरकार ने 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत चंदन कुमार झा को झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पद्मा हजारीबाग, अनुरंजन किस्पोट्टा को एसपी सीआईडी,अंजनी कुमार झा को एसीबी एसपी, अंबर लकड़ा को जैप 3 कमांडेंट गोविंदपुर, आनंद प्रकाश को वायरलेस एसपी रांची, प्रभात कुमार को जैप 6 कमांडेंट जमशेदपुर, एहतेशाम वकारिब को एसीबी एसपी रांची, आर रामकुमार को एससीआरबी एसपी रांची, अमित रेनू को एसपी नक्सल झारखंड, कुमार गौरव को रांची ट्रैफिक एसपी, मुकेश कुमार लुनायत को जमशेदपुर सिटी एसपी, मनोज स्वर्गीयारी को रेल एसपी धनबाद, शुभांशु जैन को स्पेशल ब्रांच एसपी रांची, सरोजिनी लकड़ा को जैप 2 कमांडेंट टाटीसिलवे, एलमेड़ा एक्का को एसआईआरबी 2 कमांडेंट खूंटी,सादिक अनवर रिजवी को एसीबी एसपी,अरविंद कुमार सिंह को जैप 5 कमांडेंट देवघर, विकास कुमार पांडेय को अधीक्षक सह उपनिदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग,विजय आशीष कुजूर को सीटीसी एसपी मुसाबनी,अजय कुमार सिन्हा को सीआइडी एसपी, सहदेव साव को एसीबी एसपी, अमित कुमार सिंह को एसपी होमगॉर्ड रांची, मुकेश कुमार को एसआईएसएफ कमांडेंट बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है.

## केंद्रीय कर्मचारियों का बढ़ा 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता

*** मोदी कैबिनेट का फैसला रबी फसल पर एमएसपी व रेलवे कर्मचारियों के बोनस को मिली मंजूरी**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मोदी सरकार ने दिवाली और दुर्गा पूजा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और किसानों को बड़ी राहत दी है. सरकार ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया है. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनरों के महंगाई राहत में 1 जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है. ये 42 फीसदी से बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है.साथ ही रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने पर मुहर लगी है.केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि रेलवे के नॉन गजेटेड कर्मियों के लिए 78 दिनों की सैलरी के बराबर बोनस दिया जाएगा. वहीं कैबिनेट ने छह रबी फसलों पर एमएसपी बढ़ाने का फैसला लिया है. तिलहन और सरसों में 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है. मोटा अनाज की पैदावार को बढ़ाने के लिए फैसला लिया गया है. अनुराग ठाकुर ने बताया कि मसूर पर 425 रुपये प्रति क्विंटल, गेहूं के लिए 150 प्रति क्विंटल और बार्ले के लिए 115 रुपये प्रति क्विंटल, चना के लिए 105 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है.केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बतया कि चौथा फैसला लद्दाख रीजन से है. उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2020 को लाल किले से लद्दाख के लिए 7.5 गीगावाट का सोलर पार्क स्थापित करने की घोषणा की थी. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इस दिशा में 13 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता विकसित करने का प्लान बनाया. जब वो सोलर पावर प्लांट बनेंगे तो ऐसे में इसके लिए ट्रांसमिशन लाइन बहुत जरूरी है. लद्दाख से मेन ग्रिड तक लाने के लिए 5 गीगावाट की क्षमता की लाइन को मंजूरी दी गई.



**48.67 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ:** कैबिनेट के फैसले से 48.67 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनधारकों को लाभ होगा.बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई से प्रभावी हो जाएगा.



## एमओ की बड़ी करवाई, खाद्यान्न कालाबाजारी आरोप के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक जविप्र दुकान का अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** बरडिहा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुश्री निधि रजवार ने मंगलवार को एक जन वितरण प्रणाली दुकानदार को खाद्यान्न कालाबाजारी करने के आरोप में बरडीहा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अनुज्ञप्ति रद्द करने के अनुशंसा किया है। इस संबंध में एमओ ने लिखे पत्र में कहा है कि ग्रामीणों द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानदार सुखनदी ग्राम निवासी उमेश रजवार जिसका (अनुज्ञप्ति संख्या 08/10 ) के विरुद्ध माह अगस्त 2023 में 0.43 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया है। शेष खाद्यान्न की कालाबाजारी की गई है। डीलर के द्वारा माह जुलाई 2023 में लाभुकों से अंगूठा लगवा कर ऑनलाइन पर्ची नहीं देकर सदा कागज पर हाथों से लिखकर लाभुकों को पर्ची दिया गया है, परंतु राशन नहीं दिया गया। तथा लाभुकों को ई-पास मशीन से निकलने वाले ऑनलाइन पर्ची कभी भी नहीं दिया जाता है। डीलर उमेश रजवार द्वारा माह सितंबर एवं अक्टूबर 2023 में लाभुकों से अंगूठा लगवा कर लगभग 2 से 3 किलोग्राम प्रति व्यक्ति राशन की कटौती कर, राशन वितरण किया जा रहा था। आपको बताते चले की कुछ दिन पहले सुखनदी के कार्डधारीयों ने राशन डीलर उमेश रजवार कि मनमानी से त्रस्त होकर गढ़वा उपायुक्त से जांच करने की मांग किया था। विदित हो कि गढ़वा जिले के बरडिहा प्रखंड के सुख नदी ग्राम के पीडीएस दुकानदार उमेश रजवार पर राशन कार्डधारीयों ने राशन कालाबाजारी का आरोप लगाया था,डीलर के द्वारा कार्डधारीयों के राशन में कटौती की जाती है, सही तरीके से राशन नहीं दिया जाता है, राशन की कालाबाजारी की जाती है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने गढ़वा उपायुक्त से कुछ दिन पहले किया था। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए गढ़वा उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ निधि रजवार को एक जांच कमेटी का गठन कर जांच करने का निर्देश दिया था, जहां पर खाद्यान्न जांच करने पहुंची एमओ ने ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप सत्य पाया। तथा लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा वरीय पदाधिकारी को की। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ सुश्री निधि रजवार ने बताया कि सुखनदी ग्राम निवासी उमेश रजवार अनुज्ञप्ति संख्या 08/10 के विरूद्ध बरडीहा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है तथा अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा कर दिया गया है।

## दो बाइको की आमने-सामने की टक्कर में तीन हुए गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय पंडा नदी पुल के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकुंदपुर गांव निवासी जयराम पासवान के दो पुत्र 18 वर्षीय पंकज कुमार पासवान एवं 12 वर्षीय छोटू कुमार अपने गांव मुकुंदपुर बाइक से केतार जा रहा था। वही नवाडीह गांव निवासी शाकिर अली के 16 वर्षीय पुत्र शाहिद अंसारी केतार बाजार से बाइक चलाकर अपने घर नवाडीह जा रहा था। इसी बीच लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गए जिसमें पंकज पासवान का दाहिना हाथ एवं पैर बुरी तरह से टूट कर छतिग्रस्त हो गया वही छोटू कुमार एवं शाहिद अंसारी को शरीर के कई अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे लगी है। आनन-फानन में चलते राहगीरों के सहयोग से डॉ निशंक निर्शम के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहा प्राथमिक उपचार कर उक्त डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक तीन युवकों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है वही दो सामान्य स्थिति में इलाजत हैं।

## अतिक्रमण मुक्त होगा सरकारी आईटीआई की भूमि

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुक्त मनोज जायसवाल ने आईटीआई की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने के मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण किसी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा। उन्होंने आईटीआई की भूमि पर अतिक्रमण के मामले की जांच करने का निदेश दिया है। आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अंचल अधिकारी को अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत कराने का निदेश दिया है। वहीं आईटीआई के प्राचार्य से भी भूमि संबंधित दस्तावेज लेने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पक्ष रखने का अंतिम मौका दें। साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में भूमि पर अवैध अतिक्रमण मनाते हुए खाली करवाने की पहल सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को कर्मचारी, सीआई आदि संबंधित पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने का निदेश दिया है।

## जमीन के बदले नौकरी के एग्रीमेंट के प्रावधानों की धज्जियां उड़ाने का लगाया आरोप

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजहरा ग्राम निवासी सुरेंद्र पांडे ने सीसीएल राजहारा पर गंभीर आरोप लगाया है। इनका कहना है कि इन्होंने मौज राजहरा के खाता नंबर 282 प्लॉट नंबर 1455 रकबा 2 एकड़ 21 डिसमिल जमीन केवाला से द्वारा खरीदा गया है। बाद में श्री पांडे को पता चला कि इस जमीन पर सीसीएल राजहरा में एग्रीमेंट के तहत कोई संजय कुमार पांडे को नौकरी दे दिया है। एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार भविष्य में कभी भी इस जमीन के खरीद बिक्री होने पर संबंधित नौकरी पाने वाले की नौकरी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जानी है। परंतु इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने के बावजूद भी राजहारा सीसीएल द्वारा संजय कुमार पांडे की एग्रीमेंट के प्रावधानों के तहत नौकरी निरस्त करने की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। तथा साठगांठ कर नौकरी हेतु की गई एग्रीमेंट के प्रावधानों की धज्जियां उड़ाकर आरोपित को मदद कर रही है। इस संबंध में सीसीएल राजहरा के पीओ श्री रावत से जानकारी प्राप्त करने पर उन्होने बताया कि एसओपी राजहरा को कारवाई के लिए भेजा गया है। दोनों पक्ष को लिखित सूचना देकर दोनो अपना अपना पक्ष और इस जमीन से दावा प्रस्तुत करने को बुलाया जाएगा। कागज़ात की जांच कर उचित कारवाई किया जायेगा।

## उपायुक्त के निर्देश पर शुरू हुआ बालू घाटों का संचालन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी (पलामू) :** पलामू जिले के पांकी प्रखण्ड क्षेत्र में जिले के उपायुक्त के निर्देश के बाद बालू घाटों का संचालन शुरू हो गया है। प्रखण्ड के कैटेगरी वन के तहत चिन्हित बालू घाटों से बालू का उठाव बुधवार से चालान के माध्यम से शुरू हो गया है। बालू का वैध परिवहन शुरू होने से क्षेत्र में व्याप्त बालू की समस्या से स्थानीय ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।खनन विभाग द्वारा पांकी के नौ बालू घाटों को कैटेगरी वन के तहत चिन्हित किया गया है। चाको नदी में तीन घाट तितलंगी, गिड़ी तथा केल्हवा, अमानत नदी में दो घाट बोरोदिरी और द्वारिका को कैटेगरी वन में चिन्हित किया गया है। इसके अलावा बनई नाला, सोवनस नाला और पीरी नदी घाट को भी इसमें शामिल किया गया है। इनमें से चाको नदी के केल्हवा घाट और अमानत नदी के बोरोदिरी घाट से चालान के माध्यम से बालू का वैध उठाव बुधवार से शुरू हो गया है। बालू के उठाव ग्राम पंचायत के माध्यम से होगा। इसके लिए संबन्धित पंचायत के मुखिया, उप मुखिया तथा पंचायत सचिव समेत पांच अन्य सदस्य उत्तरदायी होंगे। ग्राम पंचायतों को बालू के परिवहन का चालान उपलब्ध करा दिया गया है। कारोबारी या उठाव करनेवाले व्यक्ति को बालू के लिए 100 रूपये प्रति 100 सीएफटी का भुगतान करना है। कैटेगरी वन के घाटों से बालू का उठाव व परिवहन सिर्फ ट्रैक्टर से ही हो सकेगा। एक बार घाट से बालू उठाने के बाद उसे निर्माण स्थल पर ही रखा जाएगा। बालू का निर्माण स्थल के अलावा कहीं भंडारण और बिना चालान के परिवहन को अवैध माना जाएगा।

## लाभुकों को नहीं मिला तीन माह का खाद्यान्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार (पलामू) :** नावा बाजार प्रखंड स्थित बनखेता गांव के डीलर शांति कुंवर के द्वारा जुलाई,अगस्त और सितंबर माह का खाद्यान्न लाभूकों के बीच वितरण नहीं किया गया है। इन दिनों डीलर के दामाद जयप्रकाश सिंह के द्वारा दुकान का संचालन किया जा रहा है। जहां केवल अक्टूबर माह का खाद्यान्न उनके द्वारा वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर जयप्रकाश सिंह के द्वारा मारपीट व दुर्व्यवहार किया जाता है। लोगों का कहना है कि डीलर शांति कुंवर स्वय दुकान का संचालन न कर अपने दामाद जयप्रकाश सिंह से कराती है। जहां जयप्रकाश के द्वारा दबंगई दिखाते हुए वर्तमान वर्ष के तीन माह का खाद्यान्न लाभुकों का बाजार में बेच दिया गया। यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले वर्ष भी जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का खाद्यान्न डीलर के द्वारा बेच दिया गया था। जिसकी शिकायत भी पलामू डीएसओ से की गई थी। लेकिन लोगों को न्याय नहीं मिला। लाभूको के पिछले सप्ताह प्रखंड मुख्यालय पर भी एक दिवसीय धरना देकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराना चाहा। लेकिन किसी आगे बढ़कर खाद्यान्न वितरण कराने का पहल नहीं किया। बुधवार को डीलर द्वारा अक्टूबर माह का अनाज वितरण कराने के लिए पर्ची काटा जा रहा था। पर्ची काटने के बाद कुछ लोगों को अनाज देकर बोला गया है कि अनाज खत्म हो गया है। तीन चार दिनों के बाद आकर खाद्यान्न ले जाएंगे। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व अनाज का डिमांड करने पर डीलर शांति कुंवर के दामाद जयप्रकाश सिंह द्वारा लाभुक जनेश्वर भुईयां के साथ मारपीट किया गया था। जनेश्वर भुईयां द्वारा कार्रवाई के लिए नावाबाजार थाना में आवेदन दिया गया था। जहां लाभूक पर दबाव दिलवाकर केस को मैनेज करा दिया गया था।

## राम कथा सुनने का सौभाग्य सभी को नहीं मिलता : प्रह्लाद शास्त्री



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर बाजार प्रांगण में चल रहे श्री रामचरित्र मानस नवाहन्न परायण पाठ महायज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार की रात उत्तर प्रदेश वाराणसी से आए हुए विद्वान प्रहलाद शास्त्री ने प्रवचन के दौरान राम कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम कथा सुनने का सौभाग्य सभी व्यक्ति को नहीं मिलता।उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने के पहले भगवान राम के सभी छोटे भाइयों एवं उनकी पत्नी के चरित्र के बारे में जानना होगा। तभी राम कथा सुनने में मन लगेगा। उन्होंने बताया कि सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न एवं उनकी पत्नी श्रुत्कृति के चरित्र को जानना होगा। श्रुत का अर्थ वेद होता है जब आप शत्रुघ्न कि पत्नी श्रुत्कृति के चरित्र को जानते हैं तब आप वेद को जानने लगते हैं। छोटे भाई लक्ष्मण जिनका एक ही लक्ष्य प्रभु की सेवा करना है और उनकी पत्नी उर्मिला।उर यानि हृदय से भगवान को जिसने मिला लिया। भरत यानी जिसने आपके सारे भार को हर लिया और उनकी पत्नी मांडवी जिसका अर्थ होता है कि मां के समान सक्षम।इन सभी के चरित्र को जानने के बाद ही आप सब राम कथा सुनने के लायक बन जाते हैं।और आपका मन कथा में लगने लग जाता है।जिससे आपको भगवान की प्राप्ति होती है। प्रवचन कार्यक्रम में अध्यक्ष राजन कुमार गुप्ता सहित सभी यज्ञ समिती के पदाधिकारी, सदस्य और श्रोतागण मौजूद थे।

## अधिकारी विहीन हुआ हैदरनगर व हुसैनाबाद

### विधायक ने पूछा-क्या ऐसे ही बढ़ेंगे विकास के पथ पर?



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद व हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हेमंत सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि। हेमंत हैं तो हिम्मत है। इसे हेमंत सरकार ने कर दिखाया है। इसके लिए हेमंत जी बधाई के पात्र हैं।इस सरकार ने जो कारनामा किया है, उसकी दाद देनी पड़ेगी। ट्रांसफर-पोस्टिंग में इतिहास रच दिया है। बिना किसी की पोस्टिंग किये जिले के दो प्रखंडों के एक मात्र अधिकारी का ट्रांसफर कितना उचित है। हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह सीडीपीओ और अंचल पदाधिकारी के भी प्रभार में हैं और हैदरनगर अंचल पदाधिकारी राजीव नीरज बीडीओ और सीडीपीओ के प्रभार में हैं। इन दोनों ही अधिकारियों को प्रोन्नति देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित कर दिया गया है। इस कारण हुसैनाबाद और हैदरनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय अधिकारी विहीन हो गया। यहां की जनता हेमंत सरकार से जानना चाहती है कि क्या अब किसी कर्मचारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी और सीडीपीओ का प्रभार दिया जायेगा या दोनो प्रखंड अब अधिकारी विहीन ही रहेंगे? हुसैनाबाद हैदरनगर की जनता परेशान हैं उनकी परेशानी को देखने वाला कोई पदाधिकारी नहीं है।

## विद्या मंदिर जपला के शिशु वर्ग के भैया ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय संस्कृति महोत्सव सह प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला के शिशु वर्ग के तीन भैया ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर विभाग सहित विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में अव्वल सभी भैया आगामी माह क्षेत्रीय प्रतियोगिता भागलपुर, बिहार में सम्मिलित होंगे। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने प्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों को विद्यालय में भी सम्मानित किया जाएगा।बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिस्पर्धा आवश्यक है। सफल प्रतिभागियों को और अधिक परिश्रम के साथ भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय प्रतियोगिता में प्रांतीय विजेता सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ऐसा विश्वास है। उन्होंने टीम के शिक्षकों को भी बधाई व शुभकामनाएं दी।बता दें कि प्रांतीय कार्यक्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, 3 सी, बोकारो में15 एवं 16 अक्टूबर को आयोजित हुई थी।

## 55 लाख की लागत से बन रहे स्वास्थ्य उपकेन्द्र का जिप सदस्य ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कुम्बा खुर्द गांव में मध्य विद्यालय के निकट बुधवार को जिला परिषद विभाग द्वारा 55 लाख की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उप केंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य बाला रानी ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया .इस अवसर पर जिपस बाला रानी ने कहा कि कुम्बा खुर्द गांव में स्वास्थ्य उप केंद्र बन जाने से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नये स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का निर्माण हो जाने पर चिकित्सक और नर्स की पदस्थापना के लिये मेरे द्वारा प्रयास किया जायेगा ताकि यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। मौके पर संवेदक अजीत सिंह, जिपस पति प्रमोद कुमार, मनोज पासवान, जसिंता टोपो, मेरीअस्टैला लकड़ा, प्रदीप कुमार पटेल, अर्जुन चौधरी, विकास पटेल, विपिन चौधरी,बबन सिंह, महावीर चौधरी, सूरज कुमार, संजय चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सभी मुखिया व पंचायत सेवको को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत विकास सूचकांक सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित मुखिया व कर्मियों को मुख्य प्रशिक्षक सह प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने पंचायत विकास सूचकांक की जानकारी देते हुये कहा कि पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वे कर ग्रेडिंग किया जायेगा. ग्राम पंचायतों को प्राप्त स्कोर के आधार पर प्रत्येक जिले के एक ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जायेगा। उस पंचायत के विकास के लिये अलग से राशि उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वे प्रत्येक वर्ष कराया जायेगा. उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पंचायत लक्ष्य प्राप्तकर्ता, 75-90अंक प्राप्त करने वाले पंचायत अग्रणी पंचायत,60-75अंक वाले पंचायत प्रदर्शन कर्ता, 40-60 अंक वाले पंचायत आकांक्षी,40 से कम अंक वाले पंचायत को शुरुवाती के रूप में ग्रेडिंग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद सम्बंधित लाइन विभाग के नोडल पदाधिकारी द्वारा जांच कर ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से अग्रेतर प्रेषित करेंगे। प्रशिक्षण में मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, विवेक कुमार, उषा देवी, कुमारी रेखा, पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, नंदकुमार मेहता, विकास कुमार सहित सभी पंचायतों के पंचायत भवन में प्रतिनियुक्त भीएल ई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## छतरपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

### छतरपुर जिला बनने का पूरी अर्हता रखता है : अरविंद गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर के युवा समाजसेवी अरविन्द गुप्ता ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ राजधानी स्थित राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और छतरपुर के जिला बनाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि पलामू जिला स्थित छतरपुर अनुमंडल ज़िला बनने की पुरी अहर्ता रखता है। आसपास के नावा बाजार, पांडु, नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पिपरा जैसे प्रखण्ड अनुमण्डल मुख्यालय के काफी समीप है। जिसका फायदा यहां रहने वाले लोगों को मिल सकता है और वे 80 किमी दूर स्थित पलामू के जिला मुख्यालय होने के कारण जाने के भारी परेशानी से भी बचेंगे। अरविन्द ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे जनहित में आवश्यक छतरपुर अनुमंडल को जिला बनाने में सहयोग दें और सरकार को पत्र लिख कर निर्देशित करें। इस सम्बंध में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे सरकार को इस सबन्ध में पत्र लिख कर निर्देशित करेंगे। इस बावत अरविन्द गुप्ता ने छतरपुर में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छतरपुर को जिला बनना उसका हक है। उन्होंने छतरपुर के सभी वर्गो, धर्मो के बुद्धिजीवी किसान मजदूर, युवाओं और महिलाओं से आग्रह किया है कि वे सभी छतरपुर को जिला बनाने के अभियान में चढ़ कर भाग लें। छतरपुर को जिला बनाओ अभियान के तहत राज्यपाल से अरविंद गुप्ता की सकात्मक मुलाकात करने पर नगर के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, मुखिया उमेश यादव सहित सैकड़ों लोगों ने धन्यवाद व्यक्त किया है।

## नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की हुई पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शारदीय नवरात्र में मां शक्ति की आराधना का नव दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। मां नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने का विधान है। मंगलवार को मां दुर्गा की तीसरी स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शक्तिदायक और कल्याणकारी है। इस अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों एवं घरों में लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से मां चंद्रघंटा की पूजा की गई। इस दौरान दुर्गा सप्तशती व नवाह परायण का पाठ किया। मां चंद्रघंटा की पूजा के समय अक्षत,सिंदूर,पुष्प,धूप, दीप, सफेद रंग का वस्त्र आदि पूजन सामग्री अर्पित कर विधि पूर्वक पूजन किया। इसके साथ ही दूध से बने मिष्ठान का भोग लगाया। शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होते ही आसपास के क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत हो गया है। नवरात्र को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं शहर में बन रहे विभिन्न पूजा पंडालों को कलाकार अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। वही पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। कर्मकांडी पंडित सोमेश्वर तिवारी के अनुसार मां दुर्गा की तीसरी शक्ति मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की आराधना की जाती है। माना जाता है कि चंद्रघंटा की पूजा और भक्ति करने से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। मां चंद्रघंटा ने राक्षसों के संहार के लिए अवतार लिया था। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां समाहित है। भक्तों के लिए माता का यह स्वरूप सौम्य और शांत है।

## बरडीहा में नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के झारखंड आवासीय विद्यालय के समीप के मैदान में नेहरू युवा केंद्र के गढ़वा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी, मेरा देश किया गया। जिसका उद्देश्य प्रखंड की मिट्टी को दिल्ली तक ले जाना है। साथी कलश यात्रा 2 का कार्यक्रम भी किया गया। जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो देश के कोने-कोने से प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व में हर गांव से मिट्टी मंगाया जा रहा है वह देश के राजधानी दिल्ली में जाएगा।उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आज यह कार्यक्रम किया गया वह काफी सराहनीय है। सभी टीम के साथियों को हौसला बुलंद करते हुए उन्होंने कहा की आप सभी देश सेवा में लगे हैं बहुत ही सुंदर बात है। आप सभी ने हमें एक सूत्र में बांधने का काम किया है जिससे हमारे गांव की खुशबू को दिल्ली तक पहुंचाने का यह कार्य काफी अहम है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आधिकारी निधि रजवार, जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश, 10 प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानध्यापिका संध्या कुमारी तथा इनके साथ क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे।

## वनाधिकार समिति का किया गया गठन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के अर्न्तगत बचरा बाजारटाँड स्थित हनुमान मन्दिर में मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया।ग्राम सभा में पंचायत के कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई।इस दौरान चतरा उपायुक्त के निर्देश पर बचरा दक्षिणी पंचायत में वनाधिकार समिति का गठन किया गया।ग्रामसभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष हीरा राम और सचिव सबिता देवी को बनाया गया।इसके अलावे मिनी देवी,मंगल सिंह, राजकुमार सिंह,पुष्पा देवी, रामनंदन राम,शालीग्राम सिंह सहित अन्य लोगो को सदस्य बनाया गया।इस ग्रामसभा में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य रामनंदन राम के अलावे स्थानीय ग्रामीणो मे सरदार बक्शी सिंह,श्रवण कुमार, सुमीत कुमार,संजीत ठाकुर, राजकुमार,हीरा राम,उमेश मेहता,कृष्णदेव प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## ओलिंपियाड के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों ने हिंदुस्तान ओलिंपियाड मे बेहतर प्रदर्शन कर कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।बुधवार को स्कूल प्रांगण में समारोह आयोजित कर इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल आठ विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने चतरा जिले के टॉपर विद्यार्थी रहे स्कूल के अनिकेत कुमार,शिवांक सिंह,सत्यम राज,वर्तिका रंजन,सोनिका सिन्हा,अक्षत प्रसंजय,अमृतांशु आर्या और ओम आदित्य को प्रमाण पत्र एंव 2100 रूपये का चेक प्रदान किया।मौके पर सफल बच्चो के अभिभावक भी मौजुद थे।उक्त सभी बच्चो ने अपने-अपने कक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है।एक अन्य कार्यक्रम मे डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंर्तगत विभिन्न कक्षाओं में स्लोगन,पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले करीब 350 विद्यार्थियों को बधाई दी गई।प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को स्थानीय सीसीएल पिपावार एरिया प्रबंधन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल बचरा में बुधवार को पिपरवार पुलिस ने पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर सुरक्षा से संबंधित बातों पर विचार विमर्श किया।इस दौरान पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो ने पूजा एवं मेला से संबंधित कई बातों पर विचार विमर्श किया।बैठक मे पूजा समिति के द्वारा बनाए गए वालंटियर समिति के सदस्यो का परिचय लिया गया।इस दौरान पूजा पंडाल एवं मेला की सुरक्षा से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।बैठक में शराब पीकर उत्पाद मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा पंडाल में पूजा के लिए महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई।बैठक में पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह, कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता,अनिल सोनी,मंगल सिंह,संतोष यादव,रविन्द्र सिंह,प्रमोद प्रसाद,पिंकी सिंह,राम बच्चन यादव, सुभाष साव,लक्ष्मण मंडल, संतोष ठाकुर,अरुण कुमार सिंह,सुरेंद्र राम,उमेश सिंह, प्रकाश राणा,विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जीवन बीमा दावा निपटान सूची में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस शीर्ष पर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक अच्छी जीवन बीमा कंपनी चुनने में दावा निपटान अनुपात एक महत्वपूर्ण कारक है। यह कुल दावों की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए बीमा दावों का प्रतिशत दर्शाता है। संबंधित कंपनी की वेबसाइटों पर उपलब्ध सार्वजनिक प्रकटीकरणों से गणना किए गए दावा निपटान अनुपात से पता चलता है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का दावा निपटान अनुपात 97.90% पर सबसे अधिक है। प्रश्न 1-वित्त वर्ष 24 के लिए दावा निपटान अनुपात आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस को 97.90% पर दर्शाता है, इसके बाद एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस को 96.70%, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस को 95.80%, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस 93.50%, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस 86.30% और टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस 77.30% पर है। कंपनी की क्लेम फ़ॉर श्योर पहल यह सुनिश्चित करती है कि सभी आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के बाद सभी योग्य मृत्यु दावों का निपटान एक दिन के भीतर किया जाए।

## शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन खलारी कोयलांचल में मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की गई. नवरात्र में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने का विधान है.मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है. इस दिन सच्चे मन से मां की आराधना करने से भक्तो पर मां की कृपा बरसती है.

## धमधमिया करकट्टा मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूसिडब्लूयू एनके एरिया कार्यकारी अध्यक्ष अमृत भोगता ने दुर्गा पूजा को लेकर रोहिणी तथा पुरनाडीह परियोजना प्रबंधन से सड़कों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है.श्री भोगता ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर धमधमिया बी टाइप से करकट्टा एव डकरा जाने वाले सड़क पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने की जरूरत है, क्योंकि धमधमिया में विभिन्न परियोजनाओं के काफी कामगार रहते हैं और दुर्गा पूजा को लेकर केडी एव डकरा में पूजा की खरीदारी करने एव पूजा पंडालों में भ्रमण एव पूजा अर्चना के लिए जाते हैं .इसलिए धमधमिया से करकट्टा एव केडी की तरफ जाने वाले सड़क पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो ताकि रात्रि में भी इस क्षेत्र के लोग दुर्गा पूजा में आसानी से विभिन्न जगहों पर भ्रमण कर रात्रि में पैदल,बाइक एव चारपहिया से धमधमिया आने जाने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो.क्योंकि धमधमिया से केडी एव डकरा जाने वाले सड़क पर लाइट नही रहने से सड़कों पर शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है और लोगो को रात्रि में आवागमन करने में भय महसूस होता है .इसलिए प्रबंधन से आग्रह है कि दुर्गा पूजा को देखते हुए धमधमिया बी टाइप से कॉलोनी एव सड़को पर उचित प्रकाश की व्यवस्था की जाए.

## पूजा पंडालो का किया गया औचक निरीक्षण

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को अंचल अधिकारी विजय कुमार के अध्यक्षता में इटकी प्रखंड के पूजा पंडालो का औचक निरीक्षण कर पूजा पंडालो का साफ सफाई सहित अग्नि रहित पंडाल बनाया बनाया गया है कि नहीं उसका जानकारी लिया गया. मौके पर थाना प्रभारी अमित प्रशांत ने पूजा समितियां को पूजा पंडाल को साफ सफाई रखने और आग लगने पर इससे कैसे बचा जाए इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया. मौके पर राजद नेता अजीत केसरी, आलोक केसरी सहित अन्य उपस्थित थे ।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखण्ड महिला उत्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से आदर्श बालिका विद्यालय, खूँटी में जिला स्तरीय एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खूँटी मनोरंजन कुमार के द्वारा किया गया।

मौके पर डालसा सचिव के द्वारा पॉक्सो एव बाल विवाह अधिनियमों की विस्तृत जानकारी दिया गया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती गलडिश बाड़ा , खूंटी ने कहा कि बाल विवाह सम्पूर्ण समाज के लिये एक अभिशाप है। हम सभी को एक जुट होकर पूरे जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने बच्चियों से कहा कि सबसे पहले उन्हें अपने जीवन में एक बड़े लक्ष्य तय करने की जरूरत है । जिससे वे अछे भविष्य का निर्माण करने पाए। इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी ने बताया कि बाल विवाह समाज एवं बच्चों के विकास के लिए एक अभिशाप है ,जिसे हम सभी मिलकर जड़ से समाप्त करना होगा। उन्होंने सरकार के द्वारा बच्चियों के लिये संचालित योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से प्रकाश डाला।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, खूँटी बिन्दू देवी ने कहा कि यदि किसी भी गाँव में किसी भी बच्ची की शादी कम उम्र में की जा रही हो तो आप बिना डरे अपने गाँव कि आगनवाडी सेविका, थाना, ब्लाक के पदाधिकारी को एवं टोल फ्री नम्बर पर शिकायत कर सकती है। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में झारखण्ड महिला उत्थान के जिला समन्वयक दिनेश कुमार , खूँटी प्रखण्ड के प्रमुख छोटे राय मुंडा विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ कविता कुमारी ,संस्थाकर्मी उपस्थित हुए ।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान झारखण्ड महिला उत्थान संस्था के माध्यम से खूँटी जिले के 5 प्रखण्डों खूँटी कर्रा,तोरपा , मुरहू और अडकी में संस्था के कार्यकर्ताओं बिमला तिर्की। गुनजंन टोपनों,सरस्वती देवी, महादेव टूटी और अंजना बेसरा के द्वारा कुल गाँव क्ष् 16 में ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों ने कैडल मार्च , एवं बाल विवाह न करने के नारे लगाए एवं शपथ लिया ।

# अपने आकार में आने लगे हैं खलारी के दुर्गा पूजा पंडाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के दुर्गा पूजा पंडाल अपना आकार लेने लगे हैं. खलारी थानाक्षेत्र में करीब 28 जगहों पर पंडाल बनाकर तथा मां दुर्गा की प्रतिमा रखकर पूजा करने की तैयारी की जा रही है. पूजा को लेकर जहां आयोजन कमेटियां व्यवस्था में जुटी है, वहीं परिवार के लोग भी अपनी अपनी तैयारी कर रहे हैं.घरों में साफ सफाई किया जा रहा है. बाजार में चहल पहल है. लोग कपड़े, जूतों की खरीदारी कर रहे हैं. बच्चे ज्यादा उत्साहित हैं. सुबह से लेकर शाम तक शंखनाद, मंत्र और दुर्गा पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया है ।

# कर्रा के बक्सपूर पंचायत में जनता दरबार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के सुदरवर्ती क्षेत्र पंचायत भवन बक्सपुर में बुधवार को बीडीओ स्मिता नगेशिया के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिसमें प्रखंड के विभाग में उसी का लेटर है जिसमें मनरेगा, पशुपालन, पीएमजी, स्वास्थ्य, शिक्षा, वृद्धा पेंशन, आवास जैसे अन्य योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए थे जिसका लाभ पंचायत के लोगों ने लिया. जिसमें सामाजिक सुरक्षा से 39 आवेदन, मनरेगा नया जॉब कार्ड के लिए 76 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 14 आवेदन, केसीसी के लिए 6, ड्रिप एरीगेशन के लिए 03, स्वास्थ्य विभाग से 110 मरीज का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा वितरण, 295 लोगों के बीच बीज वितरण, वृद्धा पेंशन के लिए 11 आवेदन, विधवा पेंशन के लिए 11 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 01 आवेदन, चापानल मरम्मती के लिए 05 आवेदन, आईसीडीएस के लिए 16 आवेदन, भूमि सुधार के लिए 04 आवेदन, नया राशन कार्ड के लिए 22 आवेदन प्राप्त हुए.

शिविर में स्वास्थ्य विभाग आंगनवाड़ी पीएचडी पीडीएस, मनरेगा, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस, फिया फाउंडेशन, कृषि विभाग एवं कल्याण सामाजिक सुरक्षा कल्याण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए गए. जहां सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों ने योजना अपने को लेकर आवेदन जमा किया. बीडीओ स्मिता नागेसिया के द्वारा तत्काल 2 लोगों का वृद्धा पेंशन 10 लोगों का जॉब कार्ड एक केसीसी एक महिला को फूलों जानो कल आप दिया गया इसके अलावे सभी विभाग के कर्मीयों को जमा आवेदन का जल्द से जल्द लाभुकों को लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया. जनता उप प्रमुख सवित्री देवी, पंचायत मुखिया पूनम बारला बीपीओ प्रेम सुजीत कुजूर फिया फाउंडेशन से शेख एजाज, हरेंद्र लोहरा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के अलावे अन्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे ।

# बीडीओ सुमंत तिर्की ने डोरंडा पंचायत में विभिन्न योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमंत तिर्की ने बुधवार को डोरंडा पंचायत के विभिन्न गांव में चल रहे दर्जन भर योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के कर्म में कई योजनाओं में नाराजगी जताते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस कर्म में उन्होंने मनरेगा के तहत कुदुस खान का बिरसा हरित आम बागवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सूचना पट नहीं होने पर अपनी नाराजगी जागते हुए सूचना पर लगाने, जल कुंड का निर्माण 7 दिनों के अंदर करने और एच टेका को दुरुस्त करने का कड़ी हिदायत दी। मनरेगा के तहत रहीम मिरदाहा के कुएं का निरीक्षण करते हुए जहां एक और कूप की गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया वहीं दूसरी ओर सूचना पट नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सूचना पट दो दिनों के अंदर लगाने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने डोरंडा पंचायत में निर्माणधीन विभिन्न आवासा योजनाओं का निरीक्षण किया जिसमें हलीमा खातून, जगन्नाथ उरांव, सोतो उरांव, और तमिला बीबी के अधूरे आवास पर नाराजगी जताते हुए सख्त निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन आवासों के निर्माण में किसी किस्म की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधूरे आवास के निर्माण में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होता है और लाभुकों द्वारा रुचि नहीं ली जाती है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंचायत में 15 में वित्त से बनाए जाने वाले योजनाओं का भी निरीक्षण किया।

# सिंगपुर नर्सिंग होम में कैथलैब का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर नर्सिंग होम में कैथ लैब का उद्घाटन स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक ने कहा कि कैथलैब का नर्सिंग होम में स्थापित होने से स्थानीय तथा आसपास क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी एवं यह कैथलैब मिल का पत्थर साबित होगा। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि इस कैथलैब से दूरवर्ती लोगों को काफी मदद मिलेगी। वही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि यह अस्पताल अपने क्षेत्र में एक अलग ही पहचान बना ली है। मौके पर नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने बताया कि हमारा प्रयास है कि अस्पताल में रोगियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध हो तथा कम खर्चे में उन्हें बेहतर चिकित्सा मुहैया करा सके एवं सुगम और बेहतर इलाज के लिए मैं पूरी तरह से कटिबंध हूं। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना चौधरी, उप प्रमुख आरती देवी, गूंज परिवार के जयपाल सिंह, सुनील सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील कुमार महतो, शोभाराम महतो, रत्नेश प्रसाद, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद चांद, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, लक्ष्मण महतो समेत नर्सिंग होम के सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# संकल्प यात्रा सहित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भाजपा ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**इटकी :** बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम को लेकर भाजपा इटकी मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में पूर्वी पंचायत सचिवालय में बुधवार को हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल हुई। मौके पर उन्होंने कहा कि अब तक राज्य के 71 विधानसभा में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा सफलतापूर्वक हो चुकी है। रांची में इसका समापन 28 अक्तूबर को होगा। समापन समारोह को ऐतिहासिक बनाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिये और हजारों की तादाद में समापन समारोह में कार्यकर्ताओं के शामिल होने के लिये बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी देने को कही।

मौके पर भाजपा परदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने सरकार से अपील की है की पहले पिस्का मोड़ से पलमा तक की सड़क को पहले पूर्ण रूप से बनाकर तैयार करें उसके बाद टोल टैक्स वसूली प्रक्रिया लागू करें. अभी वर्तमान में कुछ - कुछ जगहों पर आधी सड़क निर्माण होने की वजह से आये दिन छोटी बड़ी घटना घट घटते रहती है. घटना मे कितने लोगों की जान भी चला गया.

इसलिए सरकार के द्वारा जो टोल टैक्स वसूली के लिए बाहर की कंपनी को टेंडर दी गई है. उस पर तत्काल रोक लगाई जाए और उन्होंने कहा की टोल प्लाजा से बिल्कुल सटा हुआ हमारा इटकी प्रखंड बेड़ो प्रखंड लापुंग प्रखंड है जो पूर्ण रूप से कृषि बहुल क्षेत्र है जिससे रोजाना सैकड़ो छोटी बड़ी गाड़ियां रांची की ओर जाती है. इसलिए सभी चीजों को देखते हुए निकट प्रखंड को टोल टैक्स से मुक्त किया जाए ताकि आम जनों सहित छात्रों और मजदूर को अपनी पॉकेट खाली करना ना पड़े. कड़े शब्दों के साथ पूर्व विधायक ने यह भी कहीं की अगर इस पर सरकार जल्द फैसला नहीं करती है तो इसका सभी प्रखंड के ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा. मौके पर भोगेन सोरेन, रीता देवी, राजेश्वर महतो, हर्षवर्धन पांडे, संजय महतो, बुदु मुंडा, कुणाल शाहदेव,राजकुमार महतो, राजीव सहित अन्य मौजूद थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया दशहरा पर्व महोत्सव



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व महोत्सव का आयोजन किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मिनिता सहाय उपस्थित थी।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने बुके देकर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियो का बुके देकर स्वागत किया।समारोह का उदघाटन श्रीमती मिनिता सहाय,प्राचार्य राजीव रंजन झा और श्रीमती निभा झा सहित अन्य सदस्यों ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर एंव मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दशहरा पर्व के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।इस दिन भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था।इसी कारण हर साल इस पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।इस दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन और भाषण प्रस्तुति किया।समारोह में स्कूली बच्चों के द्वारा झांकी के साथ आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। मुख्य अतिथि ने दशहरा पर्व की सभी लोगों को बधाई दी।पुरा कार्यक्रम एसके पांडे के देख रेख में संपन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम का संचालन एस भट्टाचार्य और आकांक्षा मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक,बच्चे और काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

# बचरा मिडिल स्कूल के बच्चो के बीच किया गया पाठ्य सामाग्री व स्कूल बैग का वितरण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा मिडिल स्कूल में बुधवार को नवरात्र के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री और स्कूल बैग का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह मौजूद थी।इस कार्यक्रम में स्कूल के कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों के बीच किताब, कॉपी एवं स्कूल बैग का वितरण किया गया।मुख्य अतिथि गुंजन कुमारी सिंह ने स्कूल के सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।उन्होंने सभी बच्चों को समय पर स्कूल आने,स्वच्छता पर विशेष ख्याल रखना और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल पंचायत और अपने राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सफलता असंभव है।बेहतर शिक्षा शून्य से शिखर तक पहुंचाता है।उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर बेहतर शिक्षा पर ग्रहण करने की अपील की।साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे योजना का लाभ प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाने की बात कही।इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य सुमित्रा कुमारी,शिक्षक संतोष कुमार, शिक्षिका मीरा कुमारी,हेवन्ती देवी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में लोकनाद कार्यक्रम



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बी. के. बिरला ऑडिटोरियम में लोकनाद-पीपुल्स वॉयस द्वारा प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति से उपस्थित छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। लोकनाद के दो कलाकारों चारुल भारवाडा और विनय महाजन ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कई गीत प्रस्तुत किए। यह प्रस्तुति अत्यंत मार्मिक व प्रभावशाली थी, जिससे दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। उनके गीत बाल श्रम उन्मूलन, विविधता का उत्सव और अन्य प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों पर आधारित थे। जिंदगी के गीत, धरती का नमक, हमलोग, जैसे गीतों ने दर्शकों के दिल को छू लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय में आने और अपने प्रेरणादायक गीतों से बच्चों को प्रेरित करने के लिए लोकनाद के कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने भी कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके गीतों के माध्यम से दिए गए मजबूत संदेशों को समझने और उन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को खाना बर्बाद न करने और कृतज्ञता का भाव रखने का सुझाव दिया।

## 203 लाभूकों के बीच चुल्हा का वितरण किया गया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में बुधवार को जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 203 लाभूकों के बीच उन्नत चुल्हा का वितरण किया गया। वितरण पंचायत मुखिया वीरेन्द्र भगत और अनु जलक्षाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुखिया वीरेन्द्र भगत ने कहा कि उन्नत चुल्हा के उपयोग से लकड़ी की बचत होगी। चुल्हा धुआं रहित होने से स्वस्थ्य रक्षा और वातावरण भी दुषित होने से बचेगा। अनु जलक्षाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो ने लाभुकों और ग्रामीणों को उन्नत चुल्हा के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दिये।

## साधु से मारपीट मामले में दो बरी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी सौदामणि सिंह की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में साधु रामप्रवेश गिरि से मारपीट कर छिनतई करने तथा अपहरण का प्रयास करने मामले में दो आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत में अभियोजन पक्ष से एक गवाह पेश हुआ और वह भी पुलिस को दिए गए बयान से अदालत में मुकर गया। अदालत में मानगो निवासी अतुल कुमार श्रीवास्तव और अतीश रंजन श्रीवास्तव का बचाव वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू और अधिवक्ता बबीता जैन ने किया। बता दे कि बिहार वैशाली लाल बाजार निवासी एवं साधु रामप्रवेश गिरि ने 1 जून 2020 को गोलमुरी थाना में मारपीट का मामला दर्ज कराया था।

## कुकड़ू में एक दिवशीय पंचायत विकास सूचकांक का आयोजन



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायती राज विभाग झारखंड की पहल पर कुकडु प्रखण्ड के सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुकडु के अध्यक्षता में पंचायत विकास सूचकांक के तहत् एकदिवसीय प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजन हुआ। कार्यशाला में सभी पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव,कृषि विभाग के पदाधिकारी,शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के टीम, जिला नोडल पदाधिकारी द्वारा चयनित 9 पंचायत के सीएससी वीएलई उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य रूप से गरीबी उन्मूलन, तीन साल के कम उम्र के बच्चो के विकास हेतु आवश्यक उपाय करना एवम अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया।

## बुद्धिजीवी मंच के निर्देशक ने की पदाधिकारियों संग बैठक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली से आए लोकसभा के कार्यपालक पदाधिकारी सह बुद्धिजीवी मंच के निर्देशक जितेंद्र नाथ महतो ने अध्यक्ष गोपाल कुमार, सचिव कल्याण कुमार गोराई, उपाध्यक्ष स्वपन कुमार महतो एवं मदन मोहन महतो के साथ बेलटाड़ पटमदा के बेलटाड़ स्थित कार्यालय में बैठक की। इस दौरान मंच द्वार अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा तैयार की गई। निर्देशक जितेंद्र ने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एस्पोजर विजिट के लिए एनआईटी जमशेदपुर ले जाना है ताकि वे वहां के वातावरण से रूबरू हो सके और उपलब्धि हासिल कर सके। उन्होंने बुद्धिजीवी मंच के कोषाध्यक्ष विजय कुमार मंडल को अविलंब बैंक खाता खोलने व कोष संग्रह हेतु विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया ताकि शिक्षा के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा सके।

## सुदूरवर्ती क्षेत्र में पहली बार 30 महिलाओं का सफल बंध्याकरण



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड्डु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को पहली बार महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। यहां बंध्याकरण का शिविर पहली बार लगाया गया। शिविर में कुल 30 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दीपक कुमार मांझी ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र में महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन वाल्ड हेल्थ पार्टनर रांची के सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि 30 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 दीपक कुमार मांझी,लेखा प्रबंधक रोशन झां , सिस्टर ज्योति रंजना एक्का, लक्ष्मण साहू एवं अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

# रामकृष्णा फोर्जिंग्स में कर्मचारियों को मिलेगा 18% बोनस

### - अधिकतम 92,234 और न्यूनतम 53, 245 रूपये मिलेंगे बोनस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फॉर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट एक में प्रबंधन व मान्यता प्राप्त यूनियन रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ के पदाधिकारियों के बीच हुई सौहार्द्रपूर्ण वार्ता में इस वर्ष सभी स्थायी कामगारों को 18 प्रतिशत बोनस देने पर सहमति बनी। सम्पन्न हुए समझौते के अनुसार, इस वर्ष सभी स्थायी कामगारों को अधिकतम बोनस की राशि के रूप में 92,234 रुपए तथा न्यूनतम बोनस राशि 53,245 रुपए मिलेगा। बताया गया है कि शुक्रवार, 20 अक्टूबर को सभी कामगारों के बैंक खाता में उनकी बोनस की राशि भेज दी जाएगी। समझौता पत्र पर प्रबंधन की ओर से सीपीओ एसपी सेनापति, प्लांट हेड एम बालामुरली कृष्णा, एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी तथा यूनियन की ओर से अध्यक्ष अभय कुमार लाभ, उपाध्यक्ष दिनेश राम, महामंत्री तारकेश्वर यादव, सह सचिव विपुल गोलदार, संगठन सचिव जीपी दास, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र सिंह, मुंशी यादव और नवल झा ने हस्ताक्षर किए। बताया गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कामगारों को 14 हजार से 18 हजार रुपए अधिक लाभ प्राप्त होगा। बोनस समझौता सम्पन्न होने पर कामगारों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने यूनियन पदाधिकारीयों और प्रबंधन को बधाई दी है।

## हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस का हुआ सफल आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के आदेशानुसार जिले के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस मनाया गया । इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत सभी हरा राशन कार्डधारियों के बीच निःशुल्क चावल पैकेट का वितरण किया गया। चावल दिवस को लेकर लाभुक भी काफी उत्साहित दिखे, सुबह 8 बजे से ही लाभुकों की कतार जन वितरण प्रणाली दुकानों के बाहर देखी गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण कर हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से बातचीत कर ससमय खाद्यान्न/राशन, धोती साड़ी योजना का लाभ जानकारी ली। साथ ही आयुष्मान कार्ड, सर्वजन पेंशन तथा सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में भी लाभुकों से पूछा, जिन्हें लाभ नहीं मिल रहा उन्हें आवेदन करने का सुझाव भी दिया ।

## आदिवासी बहुल इलाकों में निकली दशाई नाच की टीम, क्षेत्र भ्रमण कर करते है मां शक्ति की आराधना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** प्राचीन कालीन से आज तक परंपरागत आदिवासी बहुल इलाकों से दशाई नाच दल निकलता रहा। मान्यता के अनुसार संथाल समाज मे दो बहने हुआ करती थी आयशा और काजल ( माँ दुर्गा और माँ काली का रूप )जिसको महिषासुर चुरा कर ले जाते है,और इनको खोजने संथाल समाज के लोग निकलते है, वेश बदलकर बदल कर और एक गीत गाते है की ए बहन तुम कहाँ हो आवाज़ दो हम तुमको लेने आए है। महालया के दिन दुर्गा पूजा आते है हर कोई अपने अपने तरह से माँ दुर्गा की आराधना करते है,आदिवासी समाज के लोग अपने तरह से माँ दुर्गा की आराधना करते है। (दुर्गा पूजा के ठीक पहले प्रथमी) से शुरु होता है। सभी दसाई नाच वाले लड़के प्रथमी के दिन निकलते हैं और दशमी के दिन घर वापस आते हैं। पूरे दस दिनों तक ये घूम-घूमकर गांवों में नाचते हैं, जिसमें गीत भी गाया जाता है। इनका पोशाक मुख्य रूप से साड़ी होता है।

## ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकड्डु प्रखंड क्षेत्र के खुदिलौंग गांव में पीसीसी सड़क की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने एसडीएम रंजीत लोहरा को एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर मंगल चन्द्र महतो ने कहा कि हमारे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है फिर भी हमारे गाँव में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। गाँव में दो खाद्य आपूर्ति विभाग के जन वितरण प्रणाली दुकान है, जहां से लोगों को राशन सामग्री लाने के लिए अन्य गांव के कार्डधारी आते हैं एवं बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व 4 अक्टूबर को कुकड्डु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। मौके पर मंगल चंन्द्र महतो, विद्युत महतो,आशुतोष महतो,दयामय महतो,संजय महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## जगन्नाथपुर एसडीओ बने मुकेश, चाईबासा जिले में मिली दूसरी पोस्टिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जगन्नाथपुर :** पश्चिम सिंहभूम के जगन्नाथपुर अनुमंडल के नये एसडीओ मुकेश मछुआ को बनाया गया है. उन्हें पदोन्नति कर बीडीओ से एसडीओ बनाया गया है. जिले में मछुआ की दूसरी पोस्टिंग है. इससे पूर्व वे चाईबासा सदर प्रखंड विकास पदाधिकरी के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं. एसडीओ की जिम्मेदारी मिलने के पश्चात मुकेश मछुवा ने कहा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा.साथ ही जनता की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दूंगा.।मालूम हो कि फिलहाल मुकेश मछुवा रांची मुख्यालय में पदस्थापित है. पिछले साल ही उनकी पदोन्नति हो गयी थी, लेकिन एसडीओ पद की जिम्मेदारी नहीं मिली थी. एक सप्ताह के अंदर ही जगन्नाथपुर अनुमंडल में उक्त पदाधिकारी अपना योगदान देंगे. इधर,चाईबासा व जगन्नाथपुर प्रखंड के कर्मियों ने एसडीओ बनने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## एक्सएलआरआइ में समर इंटर्नशिप में अधिकतम 3.5 लाख रूपये पर लॉक हुए विद्यार्थी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट (एसआइपी) का आयोजन किया गया. जिसमें संस्थान के सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए लॉक किया गया. वर्ष 2023-2025 के पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट व पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को अलग-अलग कंपनियों ने लॉक किया है. एक्सएलआरआइ के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा बैच है. संस्थान के कुल 591 विद्यार्थियों को देश व दुनिया की अलग-अलग बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए लॉक किया गया है. एक्सएलआरआइ की ओर से बताया गया कि इस बार संस्थान के कुल 591 विद्यार्थियों को कुल 604 ऑफर दिये गये. इसमें कुल 139 कंपनियां शामिल हैं. जिसमे 63 नए कंपनियां हैं। कंपनियों में जिसमें कंसल्टिंग, फाइनांस, सेल्स, मार्केटिंग, जेनरल मैनेजमेंट, प्रोडक्शन मैनेजमेंट ऑपरेशन, अनालिटिक्स एंड एचआर जैसी सेक्टर की कंपनियां शामिल थी. इसमें इस बार का सर्वाधिक 3.5 लाख और सबसे कम एक लाख रुपये प्रतिमाह का इंटर्नशिप स्टाइपेंड ऑफर किया गया है।

## तख्त में नतमस्तक हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मांगी देश के लिए सुख, समृद्धि और तरक्की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर/ पटना साहिब :** देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली तख्त हरमंदिर पटना साहिब पहुंची और नत मस्तक हुईं। यहां वे तकरीबन 45 मिनट तक रहीं। केसरी रुमाल से उन्होंने अपना सर ढका रखा था और वही आम श्रद्धालुओं की तरह दरबार साहब में माथा टेका और देश और देशवासियों के लिए सुख समृद्धि और तरक्की की अरदास की। उन्होंने ज्ञानी कविंद्र सिंह के जत्थे के शब्द गायन और कीर्तन को बड़े ही श्रद्धा एवं भावनामय होकर सुना और अंतरलीन रहीं। तख्त प्रबंधन कमेटी की ओर से महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं अन्य ने उनकी अगवानी की और उन्हें गुरु दरबार में ले गए और गुरु गोविंद सिंह से जुड़े ऐतिहासिक स्थल की जानकारी दी।इंद्रजीत सिंह ने उन्हें इस मौके पर तख्त की ओर से तख्त का प्रतीक मॉडल एवं सिरोपा भेंट किया। गुरु तेग बहादुर के 400 वें प्रकाश पर्व को समर्पित जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वेबीनार की याद दिलाई और सिख इतिहास पर उनकी अच्छी जानकारी के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

## करीम सिटी कॉलेज में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसो. ने मनाया सर सैयद दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन जमशेदपुर ने बड़ी शानो शौकत के साथ आज करीम सिटी कॉलेज में सर सैयद डे का आयोजन किया। इस मौके पर शहर में मौजूद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र रहे शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी और समाज सेवा करने वाले लोग करीम सिटी कॉलेज के प्रांगण में जमा हुए। इस मौके पर कालेज ऑडिटोरिम में एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) फिरोज अहमद, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन सह सीएमओ, पश्चिमी सिंहभूम डॉ साहिर पाल उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास खान ने किया। संगठन के सेक्रेटरी डॉ आले अली ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए सर सैयद अहमद खान को याद करते हुए बताया कि आज भी हमें इस बात की जरूरत है कि हम सर सैयद अहमद खान के उद्देश्यों पर गौर करें और उन्होंने देश और समाज को एक नया जीवन देने का जो रास्ता अपनाया उस रास्ते पर चलकर हम भी उन उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयत्न करें। उनके अलावा डॉ साहिर पाल तथा करीम सिटी कॉलेज अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ मोहम्मद याहिया इब्राहीम ने भी सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन करीम सिटी कॉलेज मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ जकी अख्तर ने किया तथा डॉ हिफजुर रहमान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आज की इस सभा में डॉ मोहम्मद जकरिया, डॉ परवेज आलम, भूतपूर्व विधायक हसन रिजवी, डॉ हसन इमाम मालिक, डॉ मोहम्मद रेयाज, प्रो मदनी साहब तथा के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## आज की महिला हर क्षेत्र में आगे : महावीर मुर्मू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड अंतर्गत हेसड़ा पंचायत के सिकरसाई ग्राम के मातंगिनी महिला फुटबॉल टीम को झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महावीर मुर्मू ने महिला फुटबॉल टीम को जर्सी सेट दिया, जर्सी सेट देने से महिला फुटबॉल खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखी गई। श्री मुर्मू ने कहा कि खेलकूद के साथ पढ़ाई लिखाई में भी ध्यान देने की अवश्यकता है,वर्तमान हेमंत सरकार ने पढ़ाई के साथ राष्टीय एवं अंतर्राष्टीय खेलने वाले खिलाड़ियों को नौकरी में सीधी नियुक्ति दे रहे है, इसी लिए खेल को खेल की भावना से खेले ताकि अपना भविष्य बना सके।मौक पर पोटका प्रखंड के झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष पोल्टू मंडल, माटकु पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टु हांसदा, पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी,ग्राम प्रधान अजीत सरदार आदि मौजूद थे।

## सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने दिगंबर व सचिव परशुराम गोराई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** नीमडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव की उपस्थिति में सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें दिगंबर सिंह सरदार अध्यक्ष, परशुराम गोराई सचिव व शंकर सिंह उपाध्यक्ष चयनित हुए। अध्यक्ष पद के लिए चार लोगों ने नामांकन दाखिल किया। जिसमें दिगंबर सिंह सरदार को 63 मत, महादेव सिंह सरदार को 10, कालीपद टुडू को एक व सुखदेव हांसदा को शून्य मत प्राप्त हुआ। परशुराम गोराई सर्वसम्मति से सचिव व शंकर सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। सदस्य के रुप में हलधर कुमार, जितेंद्र नाथ, रोनाल्डो मार्डी, निरंजन महतो, हरि नारायण सिंह, अरुण सिंह, रोहिन सिंह सरदार, सुभाष कुमार मंडल, दिनेश रजाक व मोतीलाल सिंह सर्वसम्मति से चुने गए। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रेमचांद मार्डी, जनसेवक सुखलाल महतो आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त अधिकारियों संग पहुंचे पूजा पंडाल, पार्किंग ट्रैफिक और रूट का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** दुर्गापूजा के मद्देनजर जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला बुधवार को गम्हरिया प्रखंड के दौरे पर पहुंचे। यहां पहले उन्होंने प्रखंड सभागार में अधीनस्थ अधिकारियों संग बैठक कर क्षेत्र के वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गापूजा सम्पन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिया। उसके बाद उन्होंने गम्हरिया और आदित्यपुर के प्रमुख पूजा पंडालों का दौरा कर विधि- व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक, पार्किंग एवं रूट का भौतिक निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों से भी उन्होंने बातचीत कर उनके सुझावों को जाना। डीसी के स्थल निरीक्षण के दौरान आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने उपायुक्त के प्रयासों की सराहना की। कहा कि पूजा से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं को मां दुर्गा का दर्शन करने एवं पूजा घूमने में काफी सहूलियत होगी। इस दौरान डीसी ने गम्हरिया हाट-बाजार का भ्रमण कर सड़क किनारे ठेला और अन्य दुकान लगाने वाले दुकानदारों को दुर्गापूजा तक उसे नही लगाने की सख्त हिदायत दिया। कहा कि पूजा के दौरान सड़क किनारे दुकान या ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनके साथ आदित्यपुर ननि के अपर नगर आयुक्त गिरिजा शंकर कुमार, गम्हरिया अंचलाधिकारी गिरीन्द्र टूटी, बीडीओ प्रवीण कुमार, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, ट्रैफिक निरीक्षक राकेश कुमार आदि भी उपस्थित थे।

## मार्च तक माचा सीएचसी में उपलब्ध कराएंगे अल्ट्रासाउंड मशीन : मंगल कालिंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** चुनाव के पूर्व माचा अस्पताल निर्माण के लिए जमीनदाताओं से किये वादे को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को नियुक्ति पत्र देते हुए पूरा किया। विधायक के अथक प्रयास से बुधवार को 4 लोगों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसमें माचा गांव निवासी तनमन दत्त, मुरारी दत्त, अंजू रानी दत्त व बनानी दत्त शामिल हैं। जबकि इसके पहले ही 7 लोगों के बीच नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। मांगे पूरी होने पर जमीनदाताओं की ओर से अजित दत्त ने विधायक के हाथों में बंद पड़े क्वाटर के चाबी सौप दिए। विधायक ने कहा कि माचा अस्पताल को और भी विकसित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में हाइमास्ट लाइट लग गई है, पीसीसी सड़क का निर्माण भी हो चुका है।अभी अस्पताल परिसर को सौंदर्यीकरण के लिए पार्क का निर्माण करेंगे। विधायक श्री कालिंदी ने उपस्थित लोगों से कहा कि मार्च महीने तक माचा अस्पताल को अल्ट्रासाउंड मशीन देंगे और जिसका ऑपरेटर की व्यवस्था सिविल सर्जन करेंगे। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने कहा कि अस्पताल में प्रसव और जांच की सुविधा बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में एक्सरे मशीन है लेकिन एक टेक्नीशियन की जरूरत है जो नही मिल रहा है। इस दौरान जिला पार्षद खगेन महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार,डॉ सोमेन दत्त, श्रीधर दत्त समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## चतरा लोकसभा से झामुमो की दावेदारी मजबूत : शशिभूषण तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** चतरा लोकसभा सीट से झामुमो पार्टी के उम्मीदवार और दावेदारी काफी मजबूती से चुनाव मैदान में खड़े होने की तैयारी हो रही है यह बात झामुमो नेता शशिभूषण तिवारी ने कहा है। शशिभूषण तिवारी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की सक्रियता बढ़ती देखी जा रही है जहां झामुमो के नेता व कार्यकर्ता चतरा लोक सभा सीट से पार्टी के दावेदारी के साथ-साथ उम्मीदवार के रूप में लाल मोती नाथ शाहदेव का नाम सामने लाने में जुटी है । जहां जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ के समर्थक बरवाडीह प्रखंड समेत पूरे लोकसभा क्षेत्र में बैनर पोस्टर लगाकर पर्व के नाम बधाई व संदेश दे रहे हैं।

# दूर्गापूजा को लेकर अलर्ट पुलिस की बढ़ी चौकसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** दूर्गापूजा महोत्सव को लेकर सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। जिला प्रशासन की ओर से सम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर कई कदम उठाए गए हैं।जिले में चार दिनों से लगातार सदर प्रखंड क्षेत्र में दूर्गापूजा पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है। सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने पंडालों के समक्ष लगने वाले सभी दुकानदारों को हिदायत दी है कि किसी प्रकार का कोई नशीली पदार्थ ना बेचें अगर किसी भी तरह कि नशीली पदार्थ दुकान से मिलती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वहीं लातेहार सदर थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा को देखते हुए सभी पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है, साथ ही पुलिस कि चौकसी बढ़ा दी गई है। लागातार पुलिस के द्वारा आसामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे, और दूर्गापूजा का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। इसके लिए जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती देखी जा रही है, आगे उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी आसामाजिक तत्वों के द्वारा साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें ताकि वैसे उपद्रवियों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## अनियमितता की भेंट चढ़ी हर घर नल जल योजना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत लाभकारी योजना हर घर नल जल योजना का उद्देश्य हर घर को स्वच्छ जल पहुंचाना, पर जमीन पर कुछ और ही नजर आ रहा है।बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना बीमार कछुए की चाल चल रहा है जिसपर किसी की नजर नहीं है वह इसलिए कि महीनों बोरिंग कर,फुटिंग कर छोड़ दिया गया है। जहां उक्त योजना अनियमितताओं की भेंट चढ़ गई है वह भी इसलिए कि नियमानुसार बोरिंग कम हुआ है,दस इंच गड्ढे खोदकर पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है, निम्न स्तर का स्ट्रक्चर, मशीन, पाइप वगैरह सामग्री उपयोग किया जा रहा है, मोटर से टंकी में पानी नहीं पहुंच रहा ।अबतक अधिकांश जगहों पर पाइप का विस्तार नहीं हुआ है, अधिष्ठापित जलमीनार के पास फर्शो का निर्माण नहीं हुआ है। वहीं इस मामले में जीता जागता उदाहरण पंचायत चुंगरु के कोरवा मड़ई टोला के ग्रामीण परेशान हैं। जहां जल मीनार का पानी ग्रामीणों के घरों तक नहीं पहुंच रहा है पाइप विस्तार होने के बावजूद वह इसलिए कि घटिया पाइप जगह जगह पर फट चुका है और पानी बर्बाद हो रहा है।

## टंडवा पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर मे चिपकाया इस्तेहार, आत्मसमर्पण करने की दी चेतावनी



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा थाना कांड संख्या 58/23 दिनाक 24.03.23 धारा 364/302/201/120 (b)/34 भा0द0वि0 के फरार अभियुक्त शिव कुमार यादव पिता अशेश्वर यादव ग्राम होन्हे थाना टंडवा जिला चतरा के घर पर टंडवा थाना ने सशस्त्र बल के साथ स्थानीय ग्रामीण एवं घरवालों के समक्ष इस्तेहार चिपकाया गया। अभियुक्त को न्यायालय में या टंडवा थाना में आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। नहीं करने पर इनके घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार दिनांक 24.03.23 की रात्रि में अभियुक्तों के द्वारा टंडवा थाना के होन्हे गांव निवासी सीसीएल कमी? संजय कुमार के एक शादीशुदा महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने के बाद निर्मम हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेक दी गई थी। टंडवा थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था शेष अभियुक्त फरार है।

## झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा जांच व उपकरण को लेकर किया गया शिविर का आयोजन




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय गिद्धौर में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा बुधवार को जांच एवं उपकरण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर विद्यालय में पढ़ने वाले पांचास बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप किया गया। यह कार्य डॉक्टर रंजन कुमार धनंजय महाराणा के द्वारा किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में उपकरण सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित रिसोर्स शिक्षक अशोक कुमार कृष्ण मुरारी पांडेय शिक्षक एवं बच्चे शामिल थे।

## पिरामल फाउंडेशन ने जिला स्तरीय एक दिवसीय क्षमता वर्धन सत्र आयोजित की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** पिरामल फाउंडेशन कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन ने जिला स्तरीय एक दिवसीय क्षमता वर्धन सत्र 6 प्रखंडों के सीआरपी के साथ आयोजित किया।चतरा जिले में यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम की पहल के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चतरा में साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में सुधार करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत, 122 विद्यालयों में शिक्षा की पहल कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें 1,25,000 छात्रों के सीखने के अवसरों में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही, 100 मास्टर प्रशिक्षकों के नेतृत्व को मजबूत करने का भी लक्ष्य है, जिससे शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में संजीव जैन और प्रतिभा नायक ने सभी को उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया है, जो शिक्षा क्षेत्र में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंतर्गत, जिले के 122 चयनित विद्यालयों में शिक्षा की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कार्यो पर गहरी चर्चा की गई है, जैसे कि मॉर्निंग असेंबली, बिल्डिंग एस ए लर्निंग, बाल संसद, विद्यालय प्रबंधन समिति, पुस्तकालय आदि। इसके साथ ही, पंचायती राज सदस्यों, युवाओं, स्वयंसेवकों, समुदायों आदि को भी शिक्षा प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे विद्यालयों और बच्चों के साथ मिलकर शिक्षा क्षेत्र में सुधार करने के लिए सहयोग कर सकें। इसके जरिए, युवाओं को जागरूक करने और समुदाय में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे चतरा जिले के विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है।कार्यक्रम में सभी सीआरपी 6 प्रखंड के जिनमे चतरा, हंटरजगंज, प्रतापपुर, कुंदा, इटखोरी, मयूरहंड, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर संजीव जैन, प्रतिभा, अमित भारती, नीतीश कुमार, अमृता प्रजापति, गांधी फेलोज़ के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन में हुए धांधली को लेकर भुक्तभोगी ने उपायुक्त से की न्याय की गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बकचौमा गाँव में हुए आंगनबाड़ी चुनाव में धांधली और रिश्वत लेकर अवैध चयन को लेकर भुक्त भोगी प्रियंका कुमारी ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। उपायुक्त को दिए गए लिखित आवेदन में कहा है कि बीते 16 अक्टूबर को बकचौमा गाँव में बकचौमा पोषक क्षेत्र के लिए आंगनबाड़ी सेविका की चयन प्रक्रिया की गयी। जिसमें सीडीपीओ और सुपरवाइजर के अलावे मुखिया तथा वार्ड सदस्य एवं 15 अभ्यर्थी शामिल थे। इसी दौरान सभी अभ्यर्थियों की सभी दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में तथा सरकारी अहर्ता में मेरा अंक 29 प्रतिशत आया। जबकि राधा कुमारी की 34 प्रतिशत आया परन्तु राधा कुमारी का दिए गए दातावेजों में बकचौमा पोषक क्षेत्र होने की कहीं किसी तरह का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। जबकि राधा कुमारी डाड़ी पोषक क्षेत्र में पड़ती है और सभी तरह का लाभ डाड़ी पोषक क्षेत्र से ले रही है मजे की बात है कि बकचौमा आंगनबाड़ी केंद्र की प्रभार सेविका उषा देवी द्वारा चुनाव घोषणा की दो दिन बाद 14 अक्टूबर को बाजबरन बकचौमा पोषक क्षेत्र में अपना नाम सेविका उषा देवी से राधा कुमारी ने अंकित करवाई है जो बिलकुल गलत है। वहीं भुक्त भोगी ने सीडीपीओ रीना साहू और सुपरवाइजर रेशमी कुमारी ने राधा कुमारी से रूपये लेकर इस तरह अवैध रूप से चयन की है। गौर तलब है कि सीडीपीओ रीना साहू ने राधा कुमारी को पोषक क्षेत्र का प्रमाण पत्र को लेकर राधा कुमारी को 15 दिन का समय तक दे डाली है जबकि यह सरकारी रूल नीति के खिलाफ है। आखिर अड्रेस प्रूफ बाद में लेना था तो अन्य को तुरंत की मांग क्यों की गयी। एसे में साफ़ प्रतीत होता है कि सीडीपीओ और सुपरवाइजर दोनों मिल कर अवैध रूप से राधा कुमारी का चयन की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रियंका कुमारी ने उपायुक्त के अलावे कल्याण पदाधिकारी, विधायक किसुन दास,बीडीओ नीतू सिंह को न्याय की गुहार लगायी है दिए गए आवेदन में बकचौमा वार्ड सदस्य से लेकर दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर मौजूद है।

## बीडीओ ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का औचक निरीक्षण हुए संतुष्ट दिए कहीं निर्देश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने पूजा पंडाल का औचक निरीक्षण बुधवार को किया। कई पंडाल का भ्रमण करके वहां के विधि व्यवस्था को देखा।एवं पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के साथ सभी सदस्यों को विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने की बातें कही। पूजा पंडाल का निरीक्षण करते सिंदवारी कला में होरहे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। जहां पर सभी तरह की व्यवस्था बेहतरीन देखा। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी लगा देख अत्यंत खुश हुए। और बेहतरीन तरीके से पूजा को शांतिपूर्ण मनाने की बात पूजा समिति के सदस्यों को कहा।मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय अचल चौकीदार अजय कुमार सिदवारी गांव निवासी चमारी दांगी उपस्थित थे।

## जोहार यात्रा के दौरान डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर छात्रों को थमाया लॉलीपॉप : अमित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला आजसू कार्यालय लातेहार में छात्रों के साथ बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया। मुख्य रूप से सरकार के द्वारा जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर अभी तक डिग्री कॉलेज का न खुलना छात्रों के साथ धोखा है । वर्तमान सरकार लगातार छात्रों के साथ धोखा कर रही है और विकाश सिर्फ बैनर पोस्टर पर दिखाई दे रहा है । जिला मुख्यालय में सरकारी डिग्री कॉलेज का न होना जिले के लिए अभिशाप है । कॉलेज जल्द से जल्द खुलवाने के लिए आजसू पार्टी निरंतर छात्रों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करने का काम करेगी तथा लातेहार के छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ पुरजोर तरीके से आंदोलन करेगी।मौके पर जिला प्रवक्ता नीतेश पांडेय प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव प्रिंस दुबे श्रीकांत पासवान मनीष पांडे आदित्य दुबे सुधांशु कुमार रजनीश रंजन साहू लकी पांडे आकाश गुप्ता बिट्टू (बिन्नी) मनु कुमार प्रत्यूष कुमार अंकित कुमार आदि छात्र उपस्थित थे।

## बरवाडीह में मनरेगा एक्ट की उड़ाई जा रही धज्जियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजनाओं में 80 प्रतिशत अनियमितता, भुगतान में फर्जीवाड़ा , योजना ऑनलाइन करने से लेकर पूर्ण कराने तक बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी, भूमि सत्यापन में अनदेखी लाभुक कोई और भूमि किसी और का दस्तावेज अनुसार योजना स्थल पर काम नहीं, मनरेगा मजदूर कोई और श्रमिक कोई और यह बात सभी जानते पर इसके जवाबदेह आंखें बंद कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं, कोई वरीय अधिकारी हैं जो कभी फुर्सत में संज्ञान लेने की जहमत उठा सके। इसी सिलसिले में मंगलवार को पंचायत प्रतिनिधियों की शिकायत पर प्रखंड के उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर मनरेगा योजनाओं की जांच करने पंचायत छेंचा पहुंचे।इस दौरान उन्होंने पंचायत छेंचा में अनन्त कुमार के आम बागवानी निर्माण के धरातल को देखा, जहां मनरेगा एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही है। देखा गया कि आम बागवानी के भूमि के चारों तरफ जेसीबी मशीन द्वारा ट्रेंच की खुदाई कार्य किया गया है।इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजनाओं में मशीन का उपयोग मनरेगा एक्ट का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मी मामले पर कन्नी काट रहे हैं जबकि की मिलीभगत का नतीजा है,वह इसलिए कि नियम विरुद्ध कार्य का पर्दाफाश नहीं होता तो भुगतान होना तय था। इसपर प्रखंड के पदाधिकारी कार्रवाई नहीं करते तो वरीय पदाधिकारियों के साथ मनरेगा आयुक्त को पत्राचार कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। वहीं इस संबंध में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हमलोग रांची रिम्स में ईलाज करवा रहे हैं हमें इसकी जानकारी नहीं है।

## राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनाए गए अलीहसन अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी के गढ़वा स्थित आवासीय कार्यालय पर बुधवार को राजद नेता अली हसन अंसारी को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के लातेहार जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी के हाथों जिला अध्यक्ष अलीहसन अंसारी को नियुक्त पत्र दि गई और उन्हें जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री अंसारी ने कहा कि जिला अध्यक्ष अलीहसन अंसारी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद काफी तेज तर्रार और राजद की संगठन मजबुती की बेमिसाल संगठन को मजबूती प्रदान होगी साथ ही हमें उम्मीद है कि वह बेहतर कार्य करने में अपनी भूमिका बखुबी निभायेंगे । मौके पर डाक्टर मकबुल साहब उपस्थित थे। इस दौरान अलीहसन अंसारी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने की सुचना पर लोगों ने उन्हें बधाई देने वाले का लगा तांता बधाई देने वाले में सरफराज अंसारी, शहनवाज अंसारी, विक्टर केरकेट्टा, सरीफ अंसारी, अकरम अंसारी, इबरार अंसारी, अली अख्तर अंसारी, परवेज आलम समेत सैकड़ों लोगों का नाम शामिल हैं।

## अज्ञात चोरों ने की एक बैल की चोरी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत गांगपुर से बीते सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने नरेश साव का एक बैल चोरी कर लिया। मंगलवार को पूरे दिन नरेश साव सपरिवार बैल को अपने घर के आस पास गांव व जंगल मे खोजते रहे। परंतु बैल का कोई पता नही चल पाया। नरेश साव ने बताया कि बैल घर के समीप मचान के पास बांधा था।अन्य दिनों के तरह सुबह सभी जानवर को खोलने गया तो देखा कि बैल नहीं है। उसने बताया कि अभी खेती बाड़ी का समय है।ऐसे में बैल चोरी होने से हमलोग को परेशानी हो गई है। उसने बताया कि इसी तरह बैशाख माह में भी चोरो ने एक बैल की चोरी कर ली थी।

## बीडीओ ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में श्री श्री दुर्गा पूजा के दौरान जगह जगह पूजा स्थलों में विधि व्यवस्था और सरकार की गाइडलाइन के अनुपालन को लेकर बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी व थाना प्रभारी सचिन कुमार दास, पुलिस प्रशासन की ओर से औचक निरीक्षण किया गया। सुरक्षा संबंधी बातों ध्यान में रखते हुवे जानकारी ली निरीक्षण के दौरान पूजा समिति को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. इस दौरान पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा सहित,विधि व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की बातों की जानकारी ली। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र दांगी, अरविंद कुमार ठाकुर, मुकेश कुमार दांगी, संजय दांगी, सहित पूजा समिति के कई लोग मौजूद थे।

अनुमंडलीय डीएमएफटी मद का योजनाएं सभी प्रखण्डों में जारी है : सुधीर कुमार दास

## अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने प्रेस वार्ता कर प्रखण्ड वार योजनाएं की दी जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के सभी प्रखण्डों में जिला से संचालित डीएमएफटी मद का योजनाएं सभी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में क्रियान्वन है। जिसे लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने अनुमण्डल कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है। आगे कहा है कि यह प्रेस वार्ता उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के चतरा और सिमरिया अनुमण्डल में की गयी है ताकि आम नागरिकों को अपने अपने पंचायतों में हो रहे डीएम एफटी मद के कार्यों की जानकारी मिल सके। जिसमें सिमरिया अनुमण्डल के लावालौंग प्रखण्ड के सभी 8 पंचायतों में 8 करोड़ 2 लाख 44 हजार, सिमरिया प्रखण्ड के सभी 17 पंचायतों में 31 करोड़ 11 लाख 32 हजार 300 सौ, पत्थलगड़ा प्रखण्ड के सभी 5 पंचायतों में 5 करोड़ 19 लाख 1 हजार 88 रुपये, गिद्धौर प्रखण्ड के 6 पंचायतों में 1 करोड़ 84 लाख 5 हजार 36 रूपये, टंडवा प्रखण्ड के 19 पंचायतों में 32 करोड़ 42 लाख 2 हजार की योजनाएं क्रियान्वयन है बाकी जिस प्रखण्ड के जिस पंचायत में डीएम एफटी मद से योजनाएं पूर्व में संचालित नहीं उस पंचायत को भी जिला द्वारा योजना की अनुशंसा कर संचालित करने की पारित कर दी गयी है। आगे श्री कुमार ने बताया कि अनुमण्डल के सभी प्रखण्ड के पंचायतों के मुखिया या जन प्रतिनिधि अपने अपने पंचायतों में छूटे हुए विकास कार्यो को ग्राम सभा करा कर विकास पदाधिकारी को अविलंब सौप दें ।चुकी उपायुक्त के निर्देशानुसार डीएम एफटी मद में रूपये की कोई कमी नहीं है विकास कार्यों के लिए योजनाएं चयन कर कार्यरूप में लाया जाएगा। मौके पर बीडीओ नीतू सिंह शामिल थे।

## दशहरा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना परिसर में बुधवार को दशहरा पूजा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर ने महुआडांड़ अनुमंडल में नए नियुक्त किए गए अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे का स्वागत करते हुए, बैठक में सम्मिलित सभी समाज के प्रबुद्ध जनों से परिचय कराते हुए बैठक की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने नवरात्र के पावन अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों, शोभा यात्रा के मार्ग, मूर्ति विसर्जन का समय तिथि और मुख्य रूप से विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समुचित जानकारी लेते हुए कई दिशा निर्देश भी दिए। एसडीओ विपिन कुमार दुबे ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम भले ही अलग-अलग धर्म को मानते हो लेकिन कर्म से हम सभी इंसान हैं। हम सभी को एक दूसरे की आस्था का सम्मान करना चाहिए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के द्वारा बताया गया की त्योहार के दौरान डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, वही सोशल मीडिया पर भी पुलिस प्रशासन की नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देते हुए सबसे पहले प्रशासन को इसकी सूचना देने की बात भी लोगों से कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने जनप्रतिनिधि को संबोधित करते हुए कहा की दशहरा के दौरान लगने वाले मेला एवं अन्य कार्यक्रमों पर विशेष नजर बनाए रखें, और किसी भी प्रकार की असुविधाओं ने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें। बैठक के दौरान प्रबुद्ध जनों द्वारा सड़कों पर नाली और कूड़े की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लोगों से भी त्योहार के दौरान सड़कों पर पानी ना बहने की अपील की।बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल निरीक्षक संतोष कुमार बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, थाना प्रभारी इंचार्ज संजय रतन, जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, बृजमोहन जायसवाल बिहारी लाल जायसवाल संत जोसेफ विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इस्तखार अहमद, उप प्रमुख अभय मिंज, संजय जयसवाल, विजय प्रसाद, बजरंग दल के जिला संयोजक सूरज प्रसाद समेत प्रखंड के अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार सहित दो लोग हुए घायल

**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के पास अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का नाम रंजीत नायक एवं महादेव नायक दोनों सरयू का निवासी बताया जा रहा है। दोनों घायल लोगों को सूचना के बाद मनिका थाना एसआई प्रदीप कुमार राय एवं मनिका प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी अख्तर अंसारी एवं मिथिलेश यादव के प्रयास से दोनों घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाई गई, जहां पर गंभीर रूप से घायल महादेव नायक की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया एवं दूसरे व्यक्ति रंजीत नायक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में की जा रही है जिनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी में ग्यारह लोगों पर बिजली चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत कनीय अभियंता (जेई) सुधीर बाणडो,एसडीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन कर बिजली चोरी की रोकथाम हेतु एक छापेमारी अभियान चलाया गया।जिसमे अवैध बिजली की चोरी करते ग्यारह लोग पाए गए, जिसको लेकर विद्युत कनीय अभियंता (जेई) सुधीर बाणडो ने 17 अक्टूबर को विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया है।दर्ज मामले में बिजली चोरी का आरोप विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत सारूकुदर,बनासो,नवादा,बराई के मिराज अंसारी पिता अकबर अंसारी बराई, महबूब अंसारी पिता स्व.गुलजार मियां बराई, इदरीश अंसारी पिता होदी मियां बराई, हरी साव, पिता स्व. लालो साव बराई, महावीर तुरी पिता रीतलाल तुरी फाराचांच सारूकुदर, डेगलाल तुरी पिता नागेश्वर तुरी फाराचांच सारूकुदर, योगेंद्र सिंह पिता स्व. नंदो सिंह फाराचांच सारूकुदर, चेतलाल सिंह पिता कार्तिक सिंह फाराचांच सारूकुदर, मुकेश तुरी पिता स्व.द्वारका तुरी फाराचांच सारूकुदर, अजय ठाकुर पिता जानकी ठाकुर बनासो, ताहिर हुसैन पिता लाल मोहम्मद कर्बला चौक नवादा इन लोगों को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए,रंगेहाथ पकड़ा गया है।विष्णुगढ़ थाने में उपरोक्त सभी अभियुक्तो पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के धारा संख्या 135/138 के तहत आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज किया गया है।इस संबंध में पूछे जाने पर जेई सुधीर बाणडो ने कहा कि यह अभियान अभी जारी रहेगा जो भी उपभोक्ता का बिजली बिल बकाया है, वह अपना बिजली बिल बकाया राशि अपने नजदीकी कार्यालय में जमा करें। जिस उपभोक्ता का बिजली बिल नहीं आ रहा है, वैसे लोग कार्यालय में जानकारी लेकर अपना भुगतान कर सकते हैं।इस छापेमारी दल में विशेष रूप से विद्युत कनीय अभियंता (जेई )सुधीर बाणडो ,एसडीओ अरविंद कुमार,राकेश कुमार, मो. अब्बास,नागेश्वर साव एवं अन्य विद्युत कर्मी भी शामिल थे।

### पंचायत भवन पांडू के लिए आवंटित भूमि पर कब्जा करने का प्रयास



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकारी गैर मजरूआ जमीन पर केरेडारी अंचल के पांडु पंचायत में पंचायत भवन पांडू के नवनिर्माण के लिए अंचल कार्यालय द्वारा आवंटित जमीन पर स्थानीय रामस्वरूप ओझा पिता स्व रामेश्वर ओझा द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्राप्त होने पर अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने स्थल जांच किया। मौजा पांडू के खाता नंबर 110 खेसरा नंबर 28 से संबंधित गैर मजरूआ जमीन है। जिस पर रामस्वरूप ओझा वग़ैरह द्वारा पंडाल स्थापित कर दुर्गा पूजा का आयोजन बिना अनुमति आयोजित किया जा रहा है। साथ हीं उक्त भूमि पर अधिष्ठापित सरकारी बोर्ड को ढक दिया गया है। जांच के दौरान अंचलाधिकारी के द्वारा प्रश्नगत भूमि से संबंधित राजस्व कागजातों की मांग की गई तो निर्माणकर्ता द्वारा किसी प्रकार का कागजात नहीं दिखाया गया। ऐसी स्थिति में अंचलाधिकारी ने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने और दूर्गा पूजा आयोजित करने के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही नोटिस निर्गत कर राजस्व कागजात की मांग की गई। निर्धारित समय तक राजस्व कागजात जमा नहीं करने पर अवैध निर्माण करने वालों पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप में विधि सम्मत कारवाई की जायेगी।

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने उपायुक्त, डीडीसी को दिया आमंत्रण



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने पंडाल एवं माता रानी के दीदार के लिए उपयुक्त नैंसी सहाय एवं डीडीसी प्रेरणा दीक्षित को आमंत्रण पत्र दिया गया सपरिवार भव्य पंडाल एवं माता रानी के दीदार के लिए आमंत्रित किया गया है। कहा गया कि महासमिति पिछले 23 वर्षों से माता रानी की पूजा अर्चना करते आ रही है। महासमिति इस वर्ष काल्पनिक पंडाल बना रही है जो शीश महल की तरह होगा। साथ ही कहां की सुरक्षा की दृष्टिकोण से महासमिति के करीब 50 से भी अधिक वालंटियर बड़ा बाजार चौक से पूजा पंडाल तक तैनात रहे। साथ ही मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि अतिथि का आगमन हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी।वही उपायुक्त एवं डीडीसी ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि हम अवश्य माता रानी का दीदार करने के लिए पंडाल परिसर पहुंचेंगे, आप सभी पूजा को भव्य रूप से संपन्न कीजिए हम सभी की शुभकामनाएं आपके साथ है। मौके पर ञ्क्ष् बाल गोविंद निषाद, पवन गुप्ता, गुड्डन सोनकर, राजेश कुमार सिन्हा, रितेश खण्डेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही देश में जातीय जनगणना होगा : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कुशवाहा महासभा के केंद्रीय सलाहकार डॉ आरसी मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की केंद्र में कांग्रेस सरकार एवं राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनते ही संपूर्ण देश में सामाजिक सौहार्द हेतु जातीय जनगणना होगा। बिहार से ज्यादा झारखंड में पिछड़ों की आबादी है जनगणना से ज्ञात हुआ कि 63.4त्न पिछड़ों की आबादी बिहार में है जबकि झारखंड में बिहार से ज्यादा हो सकता है झारखंड में खतियानी कोईरी कुर्मी की आबादी सर्वाधिक है इसके बावजूद हम झारखंडी अन्य राज्यों में पलायन के लिए मजबूर है अन्य राज्यों में पलायन का पीड़ा प्रसव पीड़ा से ज्यादा असहनीय है जातीय जनगणना से आबादी के अनुपात में देश में भागीदारी मिलेगा। जिसकी न्यूनतम आबादी है वह सत्ता नौकरी और व्यवसाय पर सर्वाधिक काबिज है देश में जिसकी जितनी आबादी उसकी होती भागीदारी मिलन न्याय संगत है पिछडे समाज, प्रवासी विधायक सांसद प्रत्याशियों को सोच समझ कर मतदान करें क्योंकि रोटी बेटी और वोट सोच समझ कर संयोजित करना चाहिए।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग व चौपारण प्रखंड कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में चौपारण प्रखंड में किया गया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन के.बी.एस. एस. प्लस टू स्कूल परिसर में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर बीएसएफ सहायक समादिष्ट संतोष कुमार मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर , चौपारण प्रखंड की प्रखंड विकास अधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा, प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव , एंव राजेन्द्र साव मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रतेक प्रखंड से हर पंचायत की प्रतिनिधि, विद्यालय परिसर में कलश के मिट्टी को एकत्रित कर के प्रखंड स्तरीय अमृत कलश को रूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत कुमार ने किया। कार्यक्रम की सफल रूप रेखा संयुक्त रूप से रंजन सिंह के द्वारा किया गया।

# शोक सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली में शोकसभा का आयोजन हुआद्य गौरतलब है कि विगत 17 अक्टूबर 2023 को माउंट एगमाउंट स्कूल , हजारीबाग के 6 छात्रों का लोटवा जलाशय, हजारीबाग में डूबने के कारण आकस्मिक निधन होने से उन सभी छात्रों के आत्मा की शांति हेतु विद्यालय में शोकसभा का आयोजन हुआ द्य विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने शोक संवेदना व्यक्त व्यक्त करते हुए इस घटना को काफी दुखद बतायाद्य विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों एवं विद्यालय परिवार परिवार ने दिवंगत छात्रों के आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर नाम आंखों से श्रद्धांजलि दीद्य विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय एवं ने एवं समिति के अन्य अधिकारियों भी शोक संवेदना व्यक्त की है ।

# लोटवा डैम में हादसे में मृतक प्रवीण यादव का शव पहुंचा पैतृक गांव बनगांवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** लोटवा डैम हादसे में छः छात्रों की डूबने से हुई मौत में एक छात्र प्रखंड के गौरियाकरमा पंचायत के बनगावां निवासी द्वारिका प्रसाद यादव के पुत्र प्रवीन कुमार यादव शामिल थे। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव मंगलवार देर संध्या जैसे की उनके आवास बनगावा पहुंची। शव घर पहुंचते ही मृतक के परिजन दहाड़ मार कर रो रहे थे। बेटे का शव देख रो रो कर मां भी सुध खो चुकी थी। पूरा गांव में मातम छाया रहा। हर एक की नजर मृतक को देखने के लिए भीड़ जमा हुए थे। सभी के आंखों में आंसू का सैलाब बह रहे थे। मृतक के पिता द्वारिका प्रसाद यादव को भी इस घटना की सूचना बीते कल ही मिल चुकी थी। वे मुंबई में थे। बुधवार को मृतक के पिता बनगांव गांव पहुंचे, इसके बाद ही बुधवार दोपहर को अंतिम संस्कार बनगांवा श्मशान घाट में किया गया। इस दुख की बेला में चौपारण-2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री सह जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव व रंजन ओम, युवा नेत्री पूनम यादव, समजासेवी रामचंद्र यादव, नागेश्वर यादव, पूर्व मुखिया मनोज कुशवाहा शोकाकुल परिजनों से मिले और गहरी संवेदना व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार दो भाइयों में बड़ा मृतक प्रवीण कुमार थे और छोटा प्रफुल कुमार हैं। इनके पिता 20 वर्षो से मुबई में कारोबार कर रहें हैं। उनका हजारीबाग के दीपूगढ़ा में भी अपना घर बनाएं थे, जहां उन दोनो भाइयों की पढ़ाई हो रही थी।

# चूरचू प्रखंड में नए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने लिया पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** चुरचू प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के तौर पर ललित राम ने पदभार ग्रहण किया। वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह के द्वारा उनका स्वागत किया गया। वहीं नए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने सभी प्रखंड अधिकारियों से परिचय लेते हुए कहा की सभी से सहयोग की अपेक्षा है। वहीं उन्होंने कहा की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी।साथ ही उन्होंने कहा की सभी जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों के साथ मिल के सभी के सहयोग से प्रखंड का विकास करना है।सभी तरह की योजनाओं का लाभ प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी।जो कार्य पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यकाल में अधूरा है उसको पूरा करना है।

# बिनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने त्योहार को देखते हुए बरही को साफ सुथरा रखने का किया अपील, बांटी पर्ची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर बरही विधानसभा एवं झारखण्ड वासियों को बिनोद प्रगतिशील फाउण्डेशन के सदस्यों ने बरही चौक एवं उसके आसपास साफ सुथरा रखने का बरहीवासियो से अपील किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक व नेतृत्व रघुनंदन गोप ने किया। अपील किया गया कि बरही के सामाजिक, राजनैतिक, छोटे-बड़े व्यापारियों, बरही के प्रबुद्धजनों, टेम्पु चालक, बस चालक, ट्रक चालक से हाथ जोड़कर बिनोद प्रगतिशील फाउण्डेशन अपील करता है कि दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ को देखते हुए बरही के चारो तरफ से रोड को साफ-सुथरा रखें। किसी भी प्रकार के गाड़ियों से रोड़ को जाम ना करें, सड़क पर किसी भी प्रकार का दुकान न लगाऐं। हमसब ने मिलकर बरही को एक सुन्दर, समृद्ध बनाने की दिशा में एक छोटा सा कदम उठाया है, आईये हमसब मिलकर इस दिशा में सहयोग करें। इस दौरान टेंपू चालक, ठेला वालो व अन्य को पर्ची बांटकर ठेला, टेंपू को सड़क से थोड़ी दूरी लगाने व आसपास साफ सुथरा रखने की भी अपील की गई।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन बीएसएफ के जवानों ने प्रस्तुत की देशभक्ति गीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के सभागार भवन में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रमुख वचनदेव कुमार व संचालन उमेश दांगी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ÷ सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा ÷ धुन के साथ पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी व उन अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग मेरू कैंप से आए बीएसएफ के जवानों ने भाग लेकर देशभक्ति गीत संगीत प्रस्तुत किया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज व देश की सरहद से रिटायर्ड पूर्व सैनिकों एवं अतिथियों को पुष्प गुछ, शॉल व पौधा देकर सम्मानित किया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव एवं जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ विभाग के द्वारा बाल विवाह पर रोकथाम के लिए नुकड़ नाटक दिखाया गया और समाज में फैले कुरीतियों को मिटाने की आग्रह किया गया। कार्यक्रम के समाप्ति के पूर्व प्रखंड के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर व वीरांगनाओं के घर के मिट्टी लाकर अमृत कलश में रखा गया। कलश में भरी मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका भेजा जाएगा। वहीं कार्यक्रम की समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बीईईओ जवाहर प्रसाद, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, प्रभु राम, राखी कुमारी, कोशिला देवी, सुनीता देवी, कृष्णा राम, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, प्रभु महतो, बेबी देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, रिटायर्ड डीएसपी मटुकधारी महतो, पूर्व सैनिक अरविंद ओझा, गिन्नी वर्मा, प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया, जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया, मो इब्राहिम के अलावा सैकड़ो देशभक्ति एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अभिभावक-शिक्षक मिलन संगोष्ठी का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अभिभावक-शिक्षक मिलन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग की शिक्षिका डॉ0 इफ्शा खुर्शीद ने की ,जिसमें उन्होंने छात्रों के जीवन में उनके अभिभावकों की भूमिका को रेखांकित किया। संगोष्ठी में अभिभावकों ने विभाग तथा विभागाध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपने बच्चों के व्यवहार और ज्ञान में स्तरीय सुधार के प्रति प्रशंसा व्यक्त की। अभिभावकों ने कहा कि अर्थशास्त्र विभाग में पढ़ने के कारण उनके बच्चे अब नेट/जे0आर0एफ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। विभाग के शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प ने अपने संभाषण में अभिभावक और शिक्षक की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि शिक्षक व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व का निर्माण करता है, उन्होंने आगे कहा कि विभाग अपने छात्रों को सफल बनाने से अधिक उन्हें सार्थक बनाने पर ध्यान देता है।

विभाग के अन्य शोधार्थी रेशु कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बताया की अभिभावक और शिक्षक कुम्हार के वो रूप हैं जो निरंतर बाल रूपी घड़े को बड़ी शालीनता से बनाते हैं जिनकी तुलना आम जन समुदाय से नहीं हो सकती। कार्यक्रम के अंत में समसत्र-1 तथा 2 में समेकित रूप से सर्वोच्च 10 स्थानों पर रहे छात्र-छात्राओं को विभागाध्यक्ष सह सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ0 प्रकाश चंद्र देवघरिया ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

# पैसा मांगने पर चाय दुकानदार की गला दबा कर हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र रसोईया धमना टोल प्लाजा के पास एक चाय का दुकानदार के पुत्र को ट्रक चालक एवं खलासी के द्वारा बीते बुधवार रात करीब 1.00 बजे रात्रि गला दबा कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मृतक के पिता महेश साव ने बरही थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि 18 अक्तूबर रात 1 बजे बरही रसोइयाधमना निवासी जो टोल प्लाजा रसोइया धमना के पास चाय की दुकान है। ट्रक चालक के द्वारा चाय दुकान के सामने 12 चक्का ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 15 डीटी 6711 के चालक अपनी गाड़ी खड़ी कर दिया।

जिस पर चाय दुकानदार उक्त ट्रक को अपने चाय दुकान के सामने से हटाने को बोला। इतने में ट्रक चालक यूपी के जिला मेरठ थाना टीपी नगर 329 न्यू किशनपूरा बागपत निवासी सुभाष चंद्र भाटी पुत्र अतुल भाटी एवं थाना परीक्षितगढ़ कैली रामपुर निवासी हरिश्चंद्र के पुत्र उपचालक धर्मेंद्र कुमार महेश साव के साथ गली गलौज के करते हुए मारपीट करने लगा। इतने में दुकान में सो रहे महेश साहू के 17 वर्षीय पुत्र सागर कुमार अपने पिता को बचाने आए, उसके साथ भी ट्रक चालक और उपचालक गाली गलौज करते हुए गला दबा दिए। जिसके कारण चाय दुकानदार महेश साव के पुत्र सागर कुमार की मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की जानकारी पास पड़ोस के लोगों ने बरही थाना को सूचना दिया। सूचना मिलते ही बरही थाना की पुलिस घटना स्तर पर पहुंची और चालक और उपचालक को ट्रक सहित गिरफ्तार कर बरही थाना ले आई। वहीं मृतक के पिता के आवेदन के आधार पर भारी थाना कांड संख्या 485/23 मामला दर्ज करते हुए दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने पिंडारकोन पंचायत के भण्डार में फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही/पदमा :** पदमा प्रखंड अंतर्गत पिंडारकोन पंचायत के भण्डार में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट एक महत्वपूर्ण सामाजिक और खेलीय आयोजन था, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिला। इस टूर्नामेंट के दौरान, मुख्य अतिथि के रुप में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू शामिल हुए। इस अवसर पर अरूण साहू ने किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और सभी खिलाड़ियों को परिचय प्राप्त कर खेल हेतु शुभकामनाएं दी। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय समुदाय को खेल के महत्व को समझाने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का अवसर मिला। श्री साहू ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट अपने युवा साथियों के बीच साझा रोमांच और अन्य स्पर्धा का माहौल बनाने का भी अवसर प्रदान करता है, जो सामूहिक एकता और खेल कौशल को बढ़ावा देता है। इस प्रकार के खेल कार्यक्रम सामाजिक सद्भावना और विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, और इस आयोजन के माध्यम से पदमा प्रखंड के लोग खेल के माध्यम से मिलकर अच्छे संबंध और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दे रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन खेल के महत्व को साझा करते हैं और स्थानीय समुदायों को सामूहिक रूप से एक साथ आने का मौका देते हैं। इस आयोजन के माध्यम से खेल का प्रचार किया जाता है, और स्थानीय खिलाड़ियों को अपने खैल कौशल को सुधारने का अवसर मिलता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सार्वजनिक सिरका पूजा पंडाल में चंडीपाठ से भक्ति में बन रहा माहौल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां दुर्गा के सिरका मंडप प्रांगण में कलश स्थापना कर चौथे दिन बुधवार को पूरे विधि विधान से बांग्ला मंत्रो उच्चारण कर ब्राह्मणों द्वारा पूजा व चंडी पाठ किया गया। इससे मंदिर क्षेत्र के आस-पास का माहौल भक्तिमय बन उठा। लोगों ने बताया कि बरसों से मां दुर्गा सिरका के पंडाल में बांग्ला रीति रिवाज के साथ नियमानुसार पूजन पाठन किया जाता हैं। जिसमें सभी कामगारों, अधिकारियों व आम लोगों का भरपूर सहयोग मिलता हैं। सभी ने मां से प्रार्थना कर अपने परिवार और क्षेत्र के लिए हरा-भरा आंगन रहे की कामना करते हैं। वहीं सिरका मां दुर्गा पंडाल एनसीआर मांडल प्रारुप पर बनाने की तैयारी लगातार चल रही है।

## नगर परिषद उपाध्यक्ष मांडू के बुढ़िया मंदिर पहुंचे

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्रि को लेकर लेकर मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हवन पाठ एवं आदिशक्ति मां भगवती दुर्गा देवी का वैदिक मंत्रो उच्चारण का आयोजन किया गया है इसी के तहत रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र छतर मांडू वार्ड नंबर 28 अंतर्गत बुढ़िया मंदिर में देर शाम रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो पहुंचे वार्ड में आयोजित मंदिर पर पंचदिवसीय शांति पाठ में शामिल हुए, मंदिर पहुंचने के पश्चात मां भगवती नमन कर आशीर्वाद लिया एवं पूरे रामगढ़ जिला में सुख समृद्धि शांति एवं वैभव प्रताप की कामना की उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि आपसी प्रेम भाव सौहार्द वातावरण,शांति एवं सदभावना पूर्वक से मां दुर्गा के पूजा अर्चना में सहयोग करें और विधि विधान से मां भगवती के पूजा में शामिल होकर पूरे परिवार एवं गांव की सुख समृद्धि की मनोकामना करें उन्होंने कहा कि आदिशक्ति देवी की पूजा सच्चे मन से करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना निश्चित पूरी होती है इस मौके पर नगर परिषद क्षेत्र के आजसू नेता पवन कुमार, विकास कुमार ,प्रकाश कुमार राजकुमार,जगदेव कुमार, पंकज कुमार ,राज किशोर कुमार, सुजीत कुमार अंशु कुमार ,राजू कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे

## सांडी में मिनी शॉपिंग मॉल का विधिवत किया गया उद्घाटन

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांडी स्थित ऋषि धर्म कांटा के समीप बुधवार को होलसेल वाला मिनी शॉपिंग मॉल का शुभ उद्घाटन किया गया। क्षेत्र के शिक्षा विद् सह मणिपाल सीडलिंग प्ले स्कूल के निदेशक श्री गया प्रसाद रॉय द्वारा फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया ।इस अवसर पर श्री रॉय ने कहा कि ऐसे मिनी मॉल के खुलने से सांडी व आस पास के महिलाओं के लिए बहुत सुविधा हो गई। अब महिला प्रसाधन से जुड़ी किसी भी सामग्री के लिए महिलाओं को दूर जाने की जरूरत नहीं होगी । इस तरह के प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र के विकास का सूचक होता है । श्री रॉय ने मिनी मॉल के समस्त परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस मॉल में कॉस्मेटिक्स, रेडीमेड कपड़े, ब्यूटी पार्लर और अन्य सामग्री एक छत के नीचे उपलब्ध रहेंगे। इस मॉल के खुलने से महिलाओं के लिए बहुत सुविधा हो गई। इस अवसर पर मिनी मॉल के मालिक शानू तिवारी ने कहा कि न्यूनतम मूल्य में उच्च क्वालिटी के समान यहां के महिलाओं को उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है। भरेचनगर में ऐसे मिनी मॉल का होना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है ।

## रावण दहन कार्यक्रम को लेकर ओरला में बैठक कर किया गया समिति का गठन

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम ओरला रावण दहन समिति की बैठक बुधवार को शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान आगामी 25 अक्टूबर को मंडा टांड़ ओरला मैदान में रावण दहन करने का निर्णय लिया गया। रावण दहन कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, सचिव उमेश करमाली, कोषाध्यक्ष निर्मल करमाली, संरक्षक बसंत प्रसाद साहू, अकलेश महतो, शंकर प्रसाद साहू, जनार्दन प्रसाद, कैलाश करमाली, विजय पासवान, मगन नायक आदि शामिल हैं। मौके पर समिति अध्यक्ष ने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रमिक नेता राजेश्वर गंझू, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य दयामंती देवी, मुखिया गुड़िया देवी, पंसस गुड़िया देवी होंगी।

## दो महीने से गुमशुदा व्यक्ति को किया गया परिजनों के हवाले

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी आनंद साह के द्वारा पुलिस पब्लिक रिलेशनशिप कायम कर मिशाल पेश किया गया। थाना प्रभारी आनंद कु.शाह अपनी टीम के साथ रात्रि गश्ती पर निकले थे इसी दरम्यान उन्हें खुट्टा चौक के पास रात्रि लगभग 11.00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति दिखा एवं थाना प्रभारी के द्वारा पूछताछ किया गया तो वो कुछ बता पाने में असमर्थ था लेकिन किसी सगे संबंधी का नंबर बताया गया तो थाना प्रभारी ने उस नंबर पर बात किया तो पता चला कि अज्ञात व्यक्ति का नाम ओम प्रकाश सुमन पिता- स्व.शीतल राम (सेवानिवृत शिक्षक)ग्राम- पश्चिम ठहरा,पो.+ थाना-मकेर,जिला-सारण का निवासी है और फिर रिश्तेदार के द्वारा गुमशुदा व्यक्ति के बेटा का नंबर दिया गया तो थाना प्रभारी ने दूरभाष के माध्यम से गुमशुदा व्यक्ति के बेटे को दूरभाष से पूरी वृतांत बताया गया और बोला गया कि आप सतगावां थाना आकर पिताजी को ले जाओ।थाना प्रभारी के द्वारा गुमशुदा ब्यक्ति को नहलवाकर नए कपड़े वगैरह पहनने को दिया गया।बुधवार को गुमशुदा व्यक्ति के सुपुत्र विकास कुमार उम्र-25वर्ष सतगावां थाना पहुंचा और जिम्मेनामा लिखकर अपने पिता को अपने घर ले गया।विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि मेरे पिताजी लगभग दो महीने से लापता थे और उनको खोजने के लिए हमलोग कई जगह पोस्टर भी चिपकाए थे बातचीत के क्रम में विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि हम सभी परिवार अपने पिताजी का आस खो चूके थे लेकिन सतगावां थाना प्रभारी आनंद कु.शाह के नेकदिली के कारण अपने पिताजी से मिल पाया हूँ उसके लिए थाना प्रभारी एवं थाना स्टाफ को बहुत धन्यबाद देता हूँ और बोला कि मेरे पिताजी को इतना अच्छा तरीका से रखते हुए हमें दूरभाष पर सूचित किये उसके लिए मैं आपलोगों का आजीवन ऋणी रहूँगा।जानकारी के लिए बता दूं कि थाना प्रभारी आनंद कु.शाह के द्वारा कुछ महीना पहले भी राजस्थान के एक गुमशुदा व्यक्ति को उनके परिजन को बुलाकर जिम्मेनामा पर सुपुर्द किया गया था।


**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004

Letter No. JSRRDA – 486/2023-1930Dated: - 17.10.2023

**CORRIGENDUM**

**PR No- 308873 dated 11.10.2023**

Following correction/ modification is hereby made in E-tender-**103/2023-24** for hiring consultants **"Proposal (RFP) for Supply, installation Commissioning, Maintaining and Monitoring of GPS based Vehicle Tracking System on hire basis in key machinery and equipment engaged in execution of road works in Locations as identified by PIUs under PMGSY-III(2022-23) in Jharkhand"** inas given below:-

| Sl. No. | Written as | Should be read as |
|---|---|---|
| 1. | Last Date &Time for receipt of bids through e-procurement: 25.10.2023 at 5.00 PM | Last Date &Time for receipt of bids through e-procurement: 30.10.2023 at 5.00 PM |

PR 309497 Rural Work Department(23-24)D

Chief Engineer
JSRRDA, Ranchi.


## वंशावली सत्यापन को लेकर आयोजित आम सभा का ग्रामीणों ने किया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** वंशावली सत्यापन को लेकर मांडू अंचल कार्यालय के आदेशानुसार बुधवार को तोपा पंचायत सचिवालय मेंआमसभा हुई। तोपा पंचायत मुखिया मफुजा खातून की अध्यक्षता में ग्रामीणों एवं तीन आवेदक सहित अन्य उपस्थित हुए। आमसभा में अंचल निरीक्षक सुरेश वर्णवाल, कर्मचारी श्याम सुंदर प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद थे। जानकारी के अनुसार आवेदक रैयत मुबारक अली पिता कमरुद्दीन मियां, जयनंदन करमाली पिता स्वर्गीय बरियातू करमाली तथा राजकुमार साव पिता जगदीश साव ने गैर मजरूआ जमीन से नौकरी के लिए वंशावली बनाने के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। जिसके लिए आज पंचायत सचिवालय में अंचल निरीक्षक व कर्मचारियों की उपस्थिति में आमसभा आहूत की गई थी। इस आम सभा का मौजूद ग्रामीणों ने विरोध किया। विरोध करने वालों का कहना था कि जिस गैर मजरूआ जमीन के बदले वंशावली बनाने का आग्रह किया जा रहा है। वह गैर मजरूआ जमीन का जो कागज प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त गैर मजरूआ जमीन में अकेले इनका दखल नहीं है। यह जमीन परिवार के आने सदस्यों का सामूहिक है। जिसे दिखाकर नौकरी लेने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जमीन का भौतिक सत्यापन करने के पश्चात आम सभा के माध्यम से वंशावली बनाने की बात कही। ग्रामीणों के इस विरोध के कारण वंशावली का कार्य स्थगित कर दिया गया। मौके पर ग्रामीण किशोर करमाली, रियाज अंसारी, मो इस्लाम, निर्मल करमाली, मंगु मांझी, अरशद अंसारी, मनु राम , पुरन गंझू, राजकुमार साव, एतो बास्के, बासुदेव गंझु, देवानंद विश्वकर्मा, बिनोद गंझू , ललित राम, नागेन्द्र गंझू , जयनंदन करमाली, महादेव रविदास, मोती गंझू , बिनोद गंझू , सुरेश करमाली, सुरेश मांझी आदि ग्रामीण उपस्थित हुए।

## रामगढ़ में एक युवक का मिला शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के बाजार समिति के पीछे बेलवागढ़ा गांव में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। जानकारी के अनुसार सुबह नदी नहाने के दौरान स्थानीय लोगों ने देखा कि बालू के स्टॉक के किनारे झाड़ियां में एक युवक का शव पड़ा हुआ है इस खबर से लोगों में सनसनी फैल गई और सैकड़ो की संख्या में घटना स्थल पर लोग पहुंच गये। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी । जानकारी के अनुसार बेलवागढ़ा गांव निवासी सूरज कुमार मुंडा उम्र 27 वर्ष का शव था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपनी कब्जे में ले लिए और पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया । शव के शरीर पर काफी चोटे भी लगी हुई है । जानकारी के अनुसार शव के बगल में ही उसकी बाइक भी मिला है । स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मजदूरी का काम करता था लोगों में हत्या के कारण नहीं पता है लेकिन बुरी तरह माथे पर चोट के निशान हैं ।

## अरगड्डेश्वर शिव मंदिर में नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की हुई आराधना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में बुधवार को नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की गई। ब्राह्मण संजय गुरु के द्वारा मां के विभिन्न मत्रों का उच्चारण कर महिला भक्तजनों की आराधना पूर्ण करवाई गई। अवसर पर भक्तों ने फल, फूल, मिष्ठान, सिंदूर, बेलपत्र अच्छत अर्पित कर माता से सुख, शांति की कामना की। साथ ही क्षेत्र के लिए खुशहाली का वरदान मांगा। भक्तों द्वारा मंदिर को विद्युत सच्चा से सजाया गया है। मौके पर कई महिला श्रद्धालु भक्तजन व पुरुष उपस्थित थे।

## गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बिरहोर टोला का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के द्वारा बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के साड़म पंचायत अन्तर्गत बिरहोर टोला का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बिरहोर टोला में रहनेवाले लोगों से व्यक्तिगत रुप से मिलकर उनके पारिवारिक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया तथा उनसे उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने उनलोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उसके निराकरण का उन्हें भरोसा दिलाया। बिरहोर टोला के लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास अनाज एवं केरोसिन से सम्बंधित समस्याओं को रखा जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया। उन्होंने बताया कि मुल रुप से विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए वे प्रयासरत हैं तथा कुछ लोगों के पास आधार कार्ड नहीं है जिन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बिजली की समस्या का भी शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस संबंध में सम्बंधित कर्मचारियों को सर्वे कराकर रिपोर्ट देने का उन्होंने निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड समन्वयक अजय महतो, पंचायत सचिव ढलन कुमार एवं रोजगार सेवक विजय कुमार मौजूद थे।

## रौशन चौधरी किए गए कमिटी से पदमुक्त बाबूलाल मरांडी होंगे मुख्य अतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ कैंट दशहरा समिति में गत 2 अक्तूबर को मुख्य संरक्षक के रूप में शामिल हुए आजसू नेता रौशन चौधरी को कमिटी के निर्णय पर पदमुक्त किया गया है। उक्त बातें छावनी फुटबॉल ग्राउंड में कमिटी की तरफ से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता कर रहें कमिटी के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने कही। उन्होंने कहा की पिछले दिनों दोनो कमिटी का एकीकरण एवं सूरज हॉल में रामगढ़ कैंट दशहरा कमिटी की तरफ से रामलीला का मंचन होना तय हुआ था जिसको लेकर रामगढ़ कैंट दशहरा कमिटी को सूरज हॉल सौंपने की बात को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद हीं आजसू नेता रौशन लाल को समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में सम्मिलित किया गया था। जिसकी खबरें विभिन्न अखबारों में और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में भी जारी की गई थी। किंतु उनकी तरफ से सूरज हॉल को सौंपने को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया उल्टा उनकी तरफ से बिना हम सभी को विश्वास में लिए सिद्धू कान्हू में रावण दहन की घोषणा कर दी गई। कोई भी व्यक्ति दो कमिटी के सदस्य नहीं हो सकता ये कमिटी के प्रोटोकाल के तहत असंवैधानिक होता है। इस कारण हम सभी ने एकमत होकर रौशनलाल चौधरी को पदमुक्त करने का कदम उठाया। साथ हीं सरदार अनमोल सिंह ने कहा की इस बार छावनी मैदान में अस्सी फीट का रावण, साठ फिट का मेघनाथ और साठ फिट का कुंभकरण का दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा से विधानसभा चुनाव जीत कर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल करने वाले बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे हीं कमिटी की ओर से हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा सहित मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है जिनसे सकारात्मक सहमति प्राप्त हुई है।इस प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से संरक्षक प्रो.संजय सिंह रवि गुप्ता,विजय जयसवाल, रॉबिन गुप्ता, वरिष्ट उपाध्यक्ष दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, वसुध् तिवारी, मोहन पांडे, मणिशंकर ठाकुर, पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, ब्रजेश पाठक, धीरज साहू, दीपक पटेल इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थें।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER SPECIAL WORKS DIVISION BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**

**Quotation Reference No:BCD/Special Work Division BCD, Ranchi/NIQ-22/2023-24**

E- quotations are invited for the work of Construction of Remaining work (Part-II) of New Jharkhand High Court Building at Dhurwa, Ranchi for supply fitting and fixing for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Tree Plant Supplier, Retailers, Distributors, Timber Merchants, Registered B.C.D. Contractors and other for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items. Then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Term and Condition**

1. The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः– 1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि 19.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि 27.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलन की तिथि एवं समय 30.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता कार्यपालक अभियंता, विशेश कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठा का दूरभाष सं0–7903899611

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR.NO.309465 Building(23-24):D



**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

57वीं औपबंधिक सूची
जिला :– राँची

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–518/23<br>2. आवेदक–विपिन खलखो<br>3. पिता–स्व0 मंगरा उराँव<br>4. ग्राम–तिलता पोस्ट–कमड़े<br>5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू<br>6. लिंग–पुरूष आयु– 60वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में टीके का निशान। | अनु0 दण्डा0 राँची सदर वाद सं0 एम0–327/93 | नहीं | कारण:–दिनांक–13.03.1993 को सर्वदलीय झारखण्ड राज्य संघर्ष समिति के आह्वान पर झारखण्ड बंदी के अवसर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107 द0प्र0स0<br>पार्टी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–30 दिन। | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0– 36/23<br>2. आवेदक–सुधीर मुण्डू<br>3. पिता–स्व0 जयमंगल मुण्डू<br>4. ग्राम–चुनवा टोली, खादगढ़ा, पोस्ट–जी0पी0ओ0<br>5. थाना–लोअर बाजार प्रखण्ड–सदर, राँची<br>6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–चेहरे में तिल का निशान। | मुफस्सिल थाना काण्ड सं0 60/91<br>जी0आर सं0–304/91 | नहीं | कारण:–दिनांक–08.05.1991 को आजसू पार्टी के सदस्यों द्वारा सरकारी कार्यो में बाधा डालकर चंदा मांगने का आरोप।<br>धारा–384/353 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–आजसू<br>जेल की अवधि–01 माह 14 दिन। | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–85/23<br>2. आवेदक–कमलेष महतो उर्फ कामेष्वर सिंह<br>3. पिता–स्व0 राघु महतो उर्फ राधानाथ सिंह<br>4. ग्राम–ब्राहमणडीह, पोस्ट–सिल्ली<br>5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | झालदा थाना काण्ड सं0 08/88<br>जी0आर सं0–661/88 | नहीं | कारण:–दिनांक–20.05.1988 को झारखण्ड अलग राज्य हेतु झामुमो0 समर्थकों द्वारा विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>धारा–147, 148, 149 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–झामुमो<br>जेल की अवधि–01 दिन। | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–530/23<br>2. आवेदक–अनिल कुमार श्रीवास्तव<br>3. पिता–स्व0 राम गोविन्द लाल<br>4. ग्राम–आदर्ष नगर पोस्ट–धुर्वा<br>5. थाना–धुर्वा प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | डोरण्डा थाना काण्ड सं0–27/2000 जी0आर0 सं0–240/2000 | नहीं | कारण:– दिनांक–03.02.2000 को राँची हवाई अड्डे पर केन्द्र सरकार के मंत्रियों के समक्ष झारखण्ड अलग राज्य वादा खिलाफी में विरोध प्रदर्शन करने का आरोप<br>घारा–147/148/341 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–कांग्रेस<br>जेल की अवधि–02 दिन। | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–521/23<br>2. आवेदक–ललित कुमार महतो पिता–उपेन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–रायडीह पोस्ट–तमाड़<br>4. थाना–तमाड प्रखण्ड–तमाड़<br>5. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>6. पहचान चिन्ह–बॉये ऑख के बगल में कटे का निशान। | तमाड़ थाना काण्ड सं0–89/90 जी0आर0 सं0–596/90<br>तमाड़ थाना काण्ड सं0–66/98 जी0आर0 सं0–398/90 | नहीं | कारण:–दिनांक 16.11.1990 को अभियुक्त द्वारा आजसू के स्थानीय नेता बताते हुए, आजसू की रैली में जप्त गाड़ी को थाने से छुडाने के लिए दवाब डालने का आरोप ।<br>धारा–353/323 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–आजसू<br>जेल की अवधि–12 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–85/23<br>2. आवेदक–षषिभूषण राय<br>3. पिता–स्व0 प्रहलाद राय<br>4. ग्राम–अमरावती कॉलोनी पोस्ट–चुटिया<br>5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण:– झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर<br>पार्टी का नाम–कांग्रेस | 2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–31/23<br>2. आवेदक–परवेज आलम<br>3. पिता–मो0 कलाम अंसारी<br>4. ग्राम–पुन्दाग पोस्ट–पुन्दाग<br>5. थाना–जगन्नाथपुर प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण:– दिनांक–04.02.2000 को प्रभात खबर में प्रकाषित झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर<br>पार्टी का नाम–कांग्रेस | 2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–523/23<br>2. आवेदक–मित्रदेव सिंह<br>3. पिता–स्व0 हीरा सिंह<br>4. ग्राम–सांगा पोस्ट–मालश्रिंग<br>5. थाना–पिठोरिया प्रखण्ड–कांके<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारण:–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1992 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–525/23<br>2. आवेदक–ष्याम सुन्दर पाहन<br>3. पिता–स्व0 बलकु पाहन<br>4. ग्राम–परहेपाट पोस्ट–पुरियो<br>5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण:–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1994 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–1810<br>2. आवेदक–रहीमा खातून पति–मो0 वसीर<br>3. ग्राम–खलारी बाजार टांड पोस्ट–खलारी<br>4. थाना–मैकलुस्कीगंज प्रखण्ड–खलारी<br>5. लिंग–महिला आयु–59 वर्ष<br>6. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में दो टीका का निशान। | नहीं | नहीं | कारण:–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1989, 1990, 1991 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–524/23<br>2. आवेदक–मो0 बसीर पिता–स्व0 अब्दुल शकुर<br>3. ग्राम–खलारी, बाजार टांड पोस्ट–खलारी<br>4. थाना–मैकलुस्कीगंज प्रखण्ड–खलारी<br>5. लिंग–पुरूष आयु–69 वर्ष<br>6. पहचान चिन्ह–दाहिने अंगूली में कटा का निशान। | नहीं | नहीं | कारण:–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1989, 1990, 1991 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 309488 Home (23-24)_D

## जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अटका पूर्वी पंचायत के कूबरी टांड़ गांव में जिप सदस्य दुर्गेश कुमार के द्वारा ग्रामीणों के आग्रह पर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया । विदित हो कि उक्त गांव का ट्रांसफॉर्मर करीब एक सप्ताह पूर्व जल गया था जिससे उक्त गाँव की बिजली बाधित हो गयी थी वहीं लोगों को काफी परेशानी हो रही थी इसे लेकर ग्रामीणो ने इसकी जानकारी जिप सदस्य दुर्गेश कुमार को दिया ।जिस पर जिप सदस्य ने विधुत विभाग के वरीय पदाधिकारी से बात कर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाया । जिसके बाद बुधवार को ग्रामीणों के मौजूदगी मे विधिवत उद्घाटन किया गया जिसके बाद से बिजली सेवा बहाल हो गयी बिजली मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने मिठाई बाँट कर जिप सदस्य दुर्गेश कुमार के प्रति ग्रामीणों ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है,मौके पर पंसस टेकनारायन साव प्रतिनिधि रंजीत मेहता उपमुखिया सूरज मेहता अशोक साव गोविंद साव सुनील साव रामेश्वर साव अरविंद साव लक्ष्मण साव नीलकंठ साव नुनूलाल मेहता बैजनाथ साव छोटी साव अजय साव रोहित मेहता नीरज मेहता अखिलेश मेहता समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे

## कन्या मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली कीट का वितरण



**बगोदर( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** बगोदर प्रखंड के अंतर्गत बेको पश्चिमी पंचायत स्थित कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को कक्षा एक से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं के बीच स्कूली किट का वितरण किया गया। वहीं इस दौरान पंचायत समीति सदस्य प्रतिनिधि इस्तियाक अंसारी ने कहा कक्षा एक से लेकर कक्षा आठवीं तक 393 बालक बालिका अध्यनरत जिसे सभी बच्चों के बीच झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध करायी गई सामग्री को वितरण किया गया। वहीं इस वितरण कार्यक्रम में कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र रजक गुलाबचंद ठाकुर इमामुल अंसारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर साव सराफत अंसारी अरशद अंसारी स्कूल के अन्य शिक्षक शिक्षिका सहित कई लोग मौजूद थे।

## वार्ड नंबर 3 के सलानपुर में खराब स्ट्रीट लाइट चालू करने की मांग

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड नंबर 3 के सलानपुर बस्ती में नगर निगम के द्वारा लगाए गए लगभग सभी स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हैं। सामाजिक कार्यकर्ता विनय पासवान ने दुर्गा पूजा को देखते हुए नगर निगम से सभी स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने की मांग की है। श्री पासवान ने नगर निगम से मांग की है कि दुर्गा पूजा में यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है और अंधेरे का लाभ अपराधी उठा सकते हैं। इसलिए पूजा से पूर्व शीघ्र स्ट्रीट लाइट की मरम्मती की जाय।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में दानोत्सव का हुआ आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में विद्यालय परिवार कि ओर से आयोजित दो दिवसीय दानोत्सव कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एवं उसके अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मानव जीवन के रोजमर्रा की ज़रूरत की चीजें जैसे दाल, चावल, सब्जी के विविध तरह के मसाले, वाशिंग पाउडर, साबुन, कपड़े, शिक्षा से संबंधित वस्तुएं कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल, रबर, स्केल इत्यादि का दो चरणों में वितरण किया गया। मौके पर स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों एवं अभिभावकों की इस तरह कि सहभागिता और भागीदारी को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही इस महादान में अपना योगदान देने वाले बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की। साथ ही कहा कि दान महादान है, चाहे वह समय का दान हो या वस्तुओं का दान हो। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे ही परम पुनीत कर्तव्य में बच्चों की सहभागिता की उम्मीद जताई और संस्था के सदस्यों एवं बच्चों तथा अभिभावकों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विद्यालय की सी.सी.ए इंचार्ज मौसमी बनर्जी तथा सभी शिक्षकों के सहयोग से यह दानोत्सव कार्यक्रम सफल हुआ।

# दुर्गा पूजा : यातायात व्यवस्था को लेकर रुट चार्ट जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इस वर्ष दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार दिनांक - 21.10.2023 से दिनांक - 24.10.2023 तक मनाया जाएगा, जिसमें दिनांक - 24.10.2023 को ही मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर धनबाद शहर के प्रमुख मार्गो में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी -1.ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा एवं सवारी वाहनों का परिचालन मार्ग एवं नो एंट्री पॉइंट-दोपहर 03:00 बजे से प्रातः 05:00 तक

राजगंज, बरवाड्डा की ओर आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, ई-रिक्शा गोल बिल्डिंग, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चैक होते हुए पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे।

निरसा, गोविन्दपुर, बलियापुर की ओर आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, ई-रिक्शा गौल बिल्डिंग, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चैक होते हुए पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे।

कतरास, पुटकी, केन्दुआडीह की ओर आने वाले वहन मटकुरिया चेकपोस्ट से वापस पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य की ओर जायेंगे।

सिन्दरी, झरिया की ओर से आने वाले वाहन धनसार चैक से वापस पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। धनसार चैक से बैंकमोड़/शक्ति मंदिर के तरफ जाना वर्जित रहेगा।

भूदा, बलियापुर, हीरापुर झारखण्ड मैदान की तरफ से पुरानी बाजार मनईटाँड की ओर आने वाले वाहन बरमसिया पुल से वापस पुनः इसी रास्ते से अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। बरमसिया पुल से मनईटाँड/पुरानी बाजार एवं हीरापुर की तरफ नो एंट्री रहेगा।

भूली, बिनोद बिहारी चैक के तरफ से आने वाले वाहन बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चैक होते हुए पुनः इसी रास्ते से अपने गंतव्य की ओर जायेंगे।

धनबाद नगर से भुली की ओर जाने वाली गाड़ी ओवरब्रिज पर सुभाष चैक से होते हुए ओवरब्रिज के नीचे से वासेपुर होते हुए भूली जायेगी।

बिनोद बिहारी चोक से बेकार बाँध चैक/पोलिटेक्नीक कॉलेज एवं बेकार बाँध (चन्द्रशेखर आजाद चैक) से पोलिटेकनिक कॉलेज के तरफ जाना वर्जित (नो एंट्री) रहेगा।

श्रमिक चैक से गया पुल/बैंकमोड़ के तरफ नो एंट्री रहेगा।

सरायढेला थाना मोड से स्टील गेट के तरफ नो एंट्री रहेगा।

कोलाकुसमा से स्टील गेट की ओर छव् म्छज्त्ल् रहेगा।

जे0सी0 मल्लिक, पटेल चैक, पानी टंकी, हटिया मोड़, प्रेम नगर गली, रणधीर वर्मा, अनुमंडल कार्यालय रोड़, भोला स्वीटस, रेलवे स्टेशन मजार की ओर से हीरापुर की तरफ नो एंट्री रहेगा।

2. यात्री बसों का परिचालन मार्गः- 1. शहरी क्षेत्रों में दोपहर 02 बजे से सुबह 05 बजे तक यात्री बसों के प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी होगी इस दौरान यात्री बसों के परिचालन हेतु निम्न मार्ग निर्धारित की गई है:-

धनबाद--बोकारो--राँची/राँची--बोकारो--धनबाद मार्ग से परिचालित होने वाले यात्री वाहन हेतु निम्न रूप से मार्ग का निर्धारण किया जाता है।

करकेन्द्र मोड़ राजू यादव स्मारक(लोयाबाद बाजार) सिजूआ नया मोड़ पाण्डेयडीह, तेतुलमारी थाना, शहीद शक्तिनाथ चैक, विनोद बिहारी चैक, बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़ बरटांड बस स्टैंड (धनबाद)।

जमशेदपुर-पुरूलिया-धनबाद/धनबाद-पुरूलिया-जमशेदपुर मार्ग से परिचालित होने वाले यात्री वाहन हेतु निम्न रूप से निर्धारण किया जाता है।

# हाथियों के झुण्ड धान खेत में लगे फसल को किया नष्ट

## पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो किसानों से मिले



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के अटका पश्चिमी पंचायत के अन्तर्गत कासियाटांड़ में हाथियों के झुंड बीती रात उत्पात मचाया। लोगों का कहना है की लगभग 3 एकड़ में लगे धान की फसल की नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो को दिया । सूचना मिलने के बाद पुर्व विधायक कसियाटांड पहुँच कर किसानों से बात किए । वही पुर्व विधायक ने वन विभाग के अधिकारी को फोन के माध्यम जानकारी देकर किसानो को हुए नुकसान का निरीक्षण करने का निर्देश दिए । इस दौरान दीपू मंडल,सुरेश मंडल,अरुण कुमार,लखन कुमार, केदार मंडल, अनिता देवी,अजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# गिरिडीह में दुर्गा पूजा पंडालों को सम्मानित करेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समितियों को सम्मानित करेगा। चैंबर के पदाधिकारियों ने बुधवार को इस बात की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके दी। सीसीआई के अध्यक्ष राहुल वर्मन व कार्यक्रम के संयोजक अरविंद कुमार ने बताया की शहरी क्षेत्र के अलावे आसपास के भव्य पूजा पंडालों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे भव्य पंडाल, भव्य सजावट व सर्वश्रेष्ठ अनुशासित पूजा पंडाल को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। मानसरोवर विसर्जन समिति को भी बेहतर योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने पूजा समितियों से सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त रखने की अपील की। बताया गया कि दुर्गा पूजा के बाद तिथि निर्धारित कर सम्मान समारोह आयोजित कर पूजा समितियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माननीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के साथ उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा को आमंत्रित किया जाएगा जिनके हाथों पूजा समितियों को सम्मानित किया जाएगा। सचिव विकास गुप्ता ने पूजा समितियों से सफाई व सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की अपील की। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल भदानी समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# डॉ. आशुतोष को चलकारी से हटाने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रिश्वतखोरी मामले में चिन्हित डॉ आशुतोष कुमार सिंह को तोपचांची स्वास्थ्य केंद्र साहूबहियार के अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलकरी में पदस्थापित किया गया है। विदित हो कि तोपचांची जिले का पिछड़ा क्षेत्र है, यहां विकास के दृष्टि से हर प्रकार की जनहित वाले कार्य होने चाहिए। जबकि डॉ आशुतोष पर भावनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रहते हुए रिश्वत में 5000 रुपए लेते रंगे हाथ एसीबी की टीम ने पकड़ा था जो किसी इंजुरी रिपोर्ट बनाने के काम पर ली जा रही थी। यह मामला अभी भी न्यायालय में लंबित है। भ्रष्टाचार में लिप्त डॉक्टर को चिकित्सा प्रभारी



बनाना सरासर गलत व पूर्व के कार्यशैली की अनदेखी है। इस मामले में युवा एकता मंच के अध्यक्ष सह आजसू नेता ने इसकी शिकायत स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के मंत्री अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री तथा उपयुक्त धनबाद से की है। साथ ही इस मामले में शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है की चलकारी आदिम जनजाति विरोध की आबादी वाला क्षेत्र है। इस जाति को बचाने के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है। वहीं सिविल सर्जन ने चलकारी अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र को चिकित्सा विभिन्न कर दिया है। डॉ आशुतोष की पुरानी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें तुरंत हटाया जाय अन्यथा आजसू पार्टी इसके खिलाफ जन आंदोलन करने को विवश होगी।

# स्वच्छता दौड़ का आयोजन




**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड कतरास क्षेत्र संख्या 4 द्वारा भारत सरकार के स्वच्छ मिशन भारत के तहत बुधवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें कतरास क्षेत्र के कोयला अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर महाप्रबंधक एमएस दूत, अवर महाप्रबंधक, सत्येंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन सौरभ कुमार सिंह, शैलेश सिंह तिवारी, विवेक खोडियार, नीतीश कुमार, सुश्री सुहानी सागर, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, मजदूर नेता छोटू सिंह, हरेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, ठाकुर महतो, भगवान सिंह, भौमिक महतो, रामचंद्र पासवान, अवधेश सिंह, बिपिन राय आदि शामिल थे।

### झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी व धनबाद जिलाध्यक्ष अनवरी खातून के नेतृत्व में

# दर्जनों महिला कार्यकर्ताओं ने सुप्रीमो लालू यादव से की गिरिडीह लोकसभा में प्रत्याशी की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी एवं धनबाद जिला अध्यक्ष अनवरी खातून के नेतृत्व मे दर्जनों महिलाओं ने पटना स्थित राबड़ी आवास में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से मिलकर गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी बनाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा की गठबंधन के बिना जब जब निर्वाचन हुआ है



राजद प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे हैं। इसलिए गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से राजद का स्वाभाविक दावा बनता है। धनबाद जिला महिला राजद जिला अध्यक्ष अनवरी खातून ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र है। इसलिए यहाँ से महिला अल्पसंख्यक उम्मीदवार उपयुक्त होंगे।

महिला नेत्री की बातो को उपयुक्त प्लेटफार्म पर रखने के लिए सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आश्वास्त किया। प्रतिनिधि मंडल में उमा कुमारी, रुकसाना खातुन, मो. गुलाम समदानी, सुनीता देवी आदि शामिल थे।

# कांग्रेस पार्टी ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के ओबीसी बाहुल गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



रामकुमार वर्मा@प्रभात मंत्र

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव नरेश वर्मा और जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केड़िया के द्वारा संयुक्त रूप से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले ओबीसी बाहुल विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। राहुल गांधी द्वारा ओबीसी समाज के लिए चलाए जा रहे प्रयत्नों और पूरे भारत में जाति आधारित जनगणना करने हेतु जोरदार प्रयासों को ओबीसी वर्ग को समझाने और ओबीसी समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी के प्रति आकर्षित करने हेतु यह जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसके तहत कुम्हरगड़िया, पराँचीडीह , सियाटांड़ बरमसिया, गोलहैया, नवडीहा आदि दर्जनों गांव का दौरा किया गया। इस मौके पर नरेश वर्मा ने बताया कि हम राहुल गांधी जी के इस सिद्धांत की जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी से पूरी तरह सहमत हैं और जन-जन तक इन बातों को पहुंचाने के लिए संकल्पित है, इसी के तहत पिछले कई दिनों से लगातार हम सभी मिलकर जिला अंतर्गत पड़ने वाले तमाम ओबीसी गांव का दौरा कर रहे हैं।

# 4 जोड़ी ट्रेनों का आंशिक समापन-प्रारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** वाराणसी जं. के यार्ड में ट्रेनों के हैवी कंजेषन के मद्देनजर निम्नालिखित 04 जोड़ी ट्रेनों का पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर आंषिक समापन/प्रारंभ कर चलाया जायेगा - 1. दिनांक 18.10.2023 से 23.10.2023 तक बनारस से खुलने वाली गाड़ी सं. 03289 बनारस-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल का आंषिक प्रारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. से ।

2. दिनांक 18.10.2023 से 23.10.2023 तक पटना जं. से खुलने वाली गाड़ी सं. 03298 पटना-बनारस मेमू पैसेंजर स्पेषल का आंषिक समापन पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर।

3. दिनांक 18.10.2023 से 23.10.2023 तक बरकाकाना से खुलने वाली गाड़ी सं. 03359 बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर स्पेषल का आंषिक समापन पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर ।

4. दिनांक 18.10.2023 से 23.10.2023 तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं. 03360 वाराणसी-बरकाकाना पैसेंजर स्पेषल का आंषिक प्रारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. से ।

5. दिनांक 18.10.2023 से 23.10.2023 तक आसनसोल से खुलने वाली गाड़ी सं. 13553 आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस का आंषिक समापन पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर ।

6. दिनांक 19.10.2023 से 24.10.2023 तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस का आंषिक प्रारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. से ।

इसके साथ ही दिनांक 19.10.2023 से 23.10.2023 तक गाड़ी सं. 03649/03650 बक्सर-बनारस-बक्सर मेमू पैसेंजर स्पेषल का परिचालन रद्द रहेगा ।

# वूमेंस एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी का उपायुक्त ने किया विधिवत अनावरण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड (रांची) की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (Women Asian Hockey Champions Trophy)-2023 की विजेता टीम के दिए जाने वाले ट्रॉफी आज झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से भ्रमण करते हुए गिरिडीह जिला पहुंची। उक्त कार्यक्रम का विधिवत अनावरण उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, एडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि इस वर्ष वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (Women Asian Hockey Champions Trophy)-2023 की मेजबानी झारखंड रांची में हो रहा है, जो हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। आज अनावरण किए गए ट्रॉफी विभिन्न जिलों से घूमते हुए हमारे जिले में आई है, जिसे विजेता टीम को सम्मान स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले के खिलाड़ियों में भी काफी प्रतिभा है, निश्चित रूप से यहां के खिलाड़ी भी आगे चलकर देश का नाम रौशन करेंगे। ट्रॉफी हमारे जिले में लाने का एकमात्र उद्देश्य है, हमारे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना। सभी खिलाड़ी ट्रॉफी से प्रोत्साहित हो सकते हैं, कि एक दिन वे भी अपने और अपने देश के लिए ऐसे ही ट्रॉफी लेकर आएंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि जिले के बहुत खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस ट्रॉफी की तरह ही अन्य खेलों में भी हमारे जिले के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी लेकर आएंगे और जिले राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सभी खिलाड़ी प्रेरणा ले सकते हैं,और खेल को केरियर के रूप में चुनते हुए जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

# दुर्गा पूजा को लेकर गिरिडीह विधायक ने अधिकारियों के साथ किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

पप्पू वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह में दुर्गापूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है. पूजा पंडालों में हर तरह की सुविधाओं बहाल हो इसे लेकर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू काफी गंभीर है.इसी क्रम में पूरी प्रशासन की टीम के साथ विधायक शहरी क्षेत्रों के पूजा पंडालो का भृमण किया । वही शहरी क्षेत्र के पचम्बा दुर्गा स्थान, बोडो दुर्गा मंडप, फॉरेस्ट ऑफिस मंडा, अलकापुरी चौक पास , राजदूत शोरूम पास, शास्त्रीनगर दुर्गा मंड, पुराना जेल मंदिर,विश्वनाथ मंदिर,चैताली मंडा बरगंडा, बीबीसी रोड मंदिर,विजय इंस्टीट्यूट ,रक्षित हाउस, नवयुवक संघ बरमसिया,पंचमन्दिर शिवघाट रोड ,अरगाघाट काली मंडा, सिरसिया दुर्गा मंडप, डीएवी स्कूल , एकेडमिक ,आदि दुर्गा मंडा,छोटकी आदि दुर्गा मंडा

, बभनटोली ,पुलिस लाइन, पपरवातांड,बनियाडीह दुर्गा पूजा समेत शहरी क्षेत्र के अन्य पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री सोनू के साथ सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे.



निरीक्षण के दौरान विधायक ने सभी पूजा समितियों से मिलकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया, निरीक्षण के क्रम में जो भी कमियां पायी गयी उसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि पूजा के श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो.मौके जेएमएम ज़िला अध्यक्ष संजय सिंह, एसडीएम विशाल दिप खलगो, एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी संजय राणा, नगर थाना प्रभारी भिखारी राम, पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल, नगर निगम के मैनेजर मंजूर आलम समेत अन्य लोग शामिल थे ।

**संक्षिप्त खबरें**

## सड़क दुर्घटना में हुई एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा-कैरो मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के बंडा कब्रिस्तान के समीप मंगलवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव निवासी स्वर्गीय नकुल यादव के पुत्र सुदर्शन यादव (55वर्ष) के रूप में हुई है। बता दे की सुदर्शन यादव मंगलवार को भंडरा साप्ताहिक बाजार से मवेशी की खरीद बिक्री कर अपने मोटरसाइकिल संख्या जेएच जीरो 1 जी-1033 से अपने घर उतका लौट रहा था। इसी दौरान बंडा कब्रिस्तान के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने घायल को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सुदर्शन यादव को चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव को स्वजनों को सौंप दिया।

# बैंक प्रबंधक जरूरतमंद किसानों को दे केसीसी का लाभ : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (बैंकर्स) की बैठक आज बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा के द्वारा जिला में केसीसी की स्थिति, सीडी रेश्यो, पीएमईजीपी आवेदन, पीएमएफएमई के आवेदन, पीएम स्वनिधि के आवेदन, जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह को निर्गत ऋ ण की स्थिति की जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी और जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्राप्त केसीसी आवेदनों का समाधान का योग्य व जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जो छूटे हुए किसान हैं और केसीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उन्हें केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निदेश दिया गया। आवेदनों के निष्पादन के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर कार्य निष्पादन का निदेश दिया गया।बैठक में एजीएम,आरबीआई द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को कर्ज मुक्त अभियान से संबंधित अफवाहों को दूर करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। आज की बैठक में आरबीआई के एजीएम सोहन, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदु कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी समेत सभी संबंधित बैंक प्रबंधक व जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## इंडिया गठबन्धन सोशलिस्ट और सेकुलर सोंच का प्रतिविंब है : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के पूर्व अध्यक्ष व लोहरदगा के पूर्व श्री सुखदेव भगत जी ने 18 अक्टूबर को कैरो प्रखंड के होटल मे चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के नए गठबंधन इंडिया से केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार घबरा गई है केंद्र की मोदी सरकार के पास न तो गरीबों के लिए कोई योजना है और न ही उनके लिए काम करने का हौसला। लोकतंत्र खतरे में है, देश में आपातकाल की स्थिति है आनेवाला चुनाव सिर्फ लोकतंत्र की रक्षा के लिए हैं। इंडिया का संदेश विकास और समावेश का है। यह हमारी सोशलिस्ट और सेकुलर सोच का प्रतिबिंब है। देश की जनता इस बार भाजपा की विदाई कर देगी जुड़ेगा भारत-जीतेगा इंडिया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान, जेएमएम केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अल्ताफ अंसारी, युवा जिला विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकाश नाथ शाहदेव, जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर मनीष शर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तिला उरांव, ज़ोरावर खान, मुस्लिम अंसारी मोजाहिर अंसारी लच्छू उरांव, फिरोज अंसारी, फूलकुमार भगत सहित गठबंधन के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## अग्निशमन द्वारा बच्चों को आग से बचाव के उपायों की दी गई जानकारी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी द्वारा आग को बुझाने का सफल प्रयोग प्रशिक्षण भैया बहनों एवं आचार्य बंधु भगिनी को दिया गया। इस अवसर पर मो. शौकत अली, मनीष कुमार शर्मा एवं सुनील बेसरा द्वारा यह कार्यक्रम वन्दना सभा में बच्चों के सामने आग से सुरक्षा के नवीनतम तकनीकों के माध्यम से बताया गया। गैस सिलेंडर में आग लगने पर ऑक्सीजन के आपूर्ति को बंद करना प्रथम लक्ष्य होता है पानी से भीगी बोरा को ढकना प्रथम उपाय है फिर पानी डालना द्वितीय उपाय है तथा अगल-बगल के अन्य सिलेंडर को किनारे रखना भी आवश्यक कदम है कक्षा पंचम के भैया लक्ष्य कुमार ने सिलेंडर में लगे आग को स्वयं बुझाने का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा सुरक्षा ही जीवन है अतः हमें सदैव सुरक्षित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।

## मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने पंचायत कर्मीयो के साथ की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने पंचायत कर्मीयो के साथ बैठक किया है। जिसमें उन्होंने पंचायत में संचालित विकास योजना का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास योजना के विकास पर चर्चा करते हुए क्षेत्र में क्रियान्वयन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने भंडरा प्रखंड के भौंरो पंचायत अंतर्गत बलसोता गांव में मनरेगा से संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी,सिंचाई कूप को सहित कई योजनाओं का निरीक्षण कर लाभुकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने बलसोता सरना टोली में रामदयाल उरांव, संजीव पन्ना, रोमिल पन्ना द्वारा लगाए गए बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को आम बागवानी से हो रहे लाभ की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बुद्धेश्वर उरांव के सिंचाई कूप निर्माण का भी निरीक्षण कर पंचायत मुखिया सुमंती तिग्गा को आवश्यक निर्देश दिया है। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने तथा क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में पलायन पर अंकुश लगेगा। गांव के ग्रामीणों से भी मुलाकात कर मनरेगा से भुगतान संबंधित के बिंदुओं पर विस्तृत की जानकारी ली है। मौके पर ईई तनुश्री, कनीय अभियंता रविशंकर भगत, पंचायत सचिव तिवारी भगत सहित ग्रामीण मौजूद थे।

**हड़ताली सफाई कर्मियों से मिले विधायक भूषण बाड़ा**

# दुर्गा पूजा को देखते हुए सफाई कर्मियों से आग्रह कर काम मे वापस लौटने का किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** न्यूनतम मजदूरी दर देने की मांग को लेकर पिछले दो दिनों से हड़ताल पर रहे सफाई कर्मी। पूजा के समय सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल में जाने से परेशानी काफी बढ़ गई है। इधर दुर्गा पूजा के समय सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल में जाने की सूचना पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा बुधवार की सुबह नगर परिषद कार्यालय पहुंच सफाई कर्मियों से मिले। मौके पर विधायक ने सफाई कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान दो दिनों के अंदर करने का नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही सफाई कर्मियों की सभी मांगो को पूरा कराने का अस्वाशन देते हुए विधायक ने सभी सफाई कर्मियों को काम मे वापस लौटने का किया आग्रह। विधायक ने कहा कि सफाई कर्मियों की सभी मांगे पूरी की जाएगी। दुर्गा पूजा का समय है। ऐसे में शहर एवं दुर्गा पूजा पंडालों में साफ सफाई की काफी अधिक जरूरत है। सफाई कर्मियों के हड़ताल में चले जाने से पूजा पंडाल आयोजन समिति के अलावे श्रद्धालुओं की भी परेशानी बढ़ जाएगी। विधायक ने कहा कि वे सफाई कर्मियों के साथ है। उनकी सभी मांगो को वे हर हाल में पूरा कराएंगे। उन्होंने पूजा पंडालों एवं शहर में साफ सफाई का कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला सचिव बिरंजन बड़ा, पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, डा. अहमद हुसैन, जयंत बरला, मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सहित नगर परिषद के पदाधिकारी व सफाई कर्मी मौजूद थे।

# प्राकृतिक के गोद पर स्थित दार्शनिक सह पर्यटक स्थल मां वन दुर्गा के पावन दरबार पर हो रही नवरात्र दुर्गा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा पंचायत अंतर्गत स्थित मां वनदुर्गा मंदिर परिसर में वर्षो से दुर्गा पूजा का आयोजन होते आ रहा है इस वर्ष भी पूरे धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा हो रही है। यहां पर विधिवत कलश स्थापना के साथ कई भक्तों के द्वारा पाठ किया जा रहा है एवं ज्योतिषचर्य सह पूजा समिति के मार्गदर्शक पंडित संजय मिश्रा द्वारा तन मन के साथ विधिवत कलश स्थापना की गई है। और प्रत्येक दिन यहां पर भक्तों द्वारा भोग एवं प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। वही नवरात्र के प्रथम दिन उत्तम कुमार बरपानी के द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया, द्वितीय दिन विवेक कुमार और विवेक ऑटो केरसई के द्वारा सभी भक्तों एवं दर्शनार्थी के बीच भोग वितरण तीसरे दिन रितेश कुमार तथा चौथे दिन विवेक यादव केरसई द्वारा मालपुआ का वितरण हुआ, इसी प्रकार पांचवें दिन अंकित कुमार केरसई द्वारा सभी भक्तों के बीच महाभोग का वितरण की जाएगी। एवं इस प्रकार की महाभोग प्रत्येक दिन चलता रहेगा। वन दुर्गा पूजा समिति के सचिव सह प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर जगरनाथ सिंह द्वारा बताया गया कि नवरात्र की शुभ पंचमी तिथि पर भव्य तरीके से महाआरती का आयोजन सुबह 10:30 बजे किया गया है। महाआरती का नेतृत्व संजय मिश्रा करेंगे। महाआरती में आग्रह करते हुए कहा कि भक्तों ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर अपने आप को पुण्य का भाग्य बनाएं हमारा कार्यक्रम में सफल बनाने में सहयोग करें। वही अष्टमी नवमी एवं दशमी को मंदिर हजारों की भीड़ रहेगी इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है, हमें इस अवसर पर प्रशासन की भी सहयोग रहेगी।

## अल्पना शैली उरांव भाला फेंक में जीती गोल्ड मेडल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां छिन्नमस्तिका शक्तिपीठ की पुण्य भूमि रजरप्पा में चल रहे विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दूसरे दिन मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने एक गोल्ड और पांच सिल्वर मेडल जीते। विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज की ओर से तरुण वर्ग बालिका समूह में पहले सिल्वर मेडल गोला फेक में आकांक्षा पांडे ने जीता। इसके बाद बालक वर्ग गोला फेक में नैतिक राज ने भी सिल्वर मेडल। ट्रिपल जंप में नीलिमा लकड़ा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में रोहित उरांव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दूसरे दिन स्पर्धाओं के विराम से पूर्व अल्पना शैली उरांव ने गोल्ड मेडल जीता। सभी विजेताओं को विद्या विकास समिति, स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मियों ने बधाई दी है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चों को बताया गया मशीन का महत्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में छात्र छात्राओं को दैनिक जीवन मे मशीन की आवश्यकता के बारे में जानकारी दिया गया। केन्द्रीय शिक्षा निदेशालय के निर्देशन में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद तथा झारखण्ड विज्ञान प्रावैद्यगिकी एवं नवाचार परिषद के संयुक्त पहल से कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा,नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और उच्च विद्यालय शाहबुटी में विज्ञान पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को मशीन के माध्यम से कम व्यक्ति के द्वारा कम समय मे काम करने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस कार्य के लिये मानव संसाधन विभाग के निर्देश पर छोटे छोटे मशीनों से लैस वाहन विद्यालय में घूम घूम कर मकान बनाने के लिये सीमेंट बालू मिक्स करने का मिक्सचर मशीन, लकड़ी का कार्य करने में आने वाले मशीनों तथा अन्य तरह के मशीनों के बारे में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जानकारी देते हुए छात्र छात्रओं को बताया गया। विज्ञान के युग मे मशीन द्वारा काम करने से समय का बचत होता है? तथा काम भी आसानी से हो जाता है। मौके पर शिक्षक शिक्षिका और सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## जिप सदस्य राधा तिर्की की अध्यक्षता में प्रखंड पशुपालन विभाग की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में जिप सदस्य राधा तिर्की की अध्यक्षता में प्रखंड पशुपालन विभाग का बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में झारखण्ड सरकार के कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा किसानों का आय वृद्धि योजना के अन्तर्गत गाय, बकरी, शूकर, मुर्गी, बतख पालन के लिये लाभुकों द्वारा प्राप्त आवेदन को अनुमोदन कर स्वीकृति के लिये जिला कमिटी को भेज गया। वही जानकारी देते हुए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा 50 75और 90 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर किसानों को आय वृद्धि कर जीविकोपार्जन के लिये पशुधन योजना के द्वारा पशु दिया जायेगा। साथ ही बताया कि प्रखंड क्षेत्र से बकरी 142, गाय 110, शूकर 27, बॉयलर मुर्गी 22, लेयर मुर्गी 12, बतख 48, कुटी मशीन 13, डीप बोरिंग 16 और बैल 5 लाभुकों को देने के लिये अनुमोदित किया गया है। जिप सदस्य ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से किसान लाभाविन्त होकर आत्मनिर्भर होंगे। पशुधन योजना के माध्यम से सरकार द्वारा किसानों के लिये यह सराहनीय पहल है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, डॉक्टर रोहित कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## जमीन विवाद मामले में बसंती कुमारी और जमीन मालिक से मिल जाना गया उनका पक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बासेन पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन के सामने चल रहे जमीन विवाद में बसंती कुमारी का पक्ष जाना गया। बसंती कुमारी के बयान के आधार पर यह गैर आदिवासी और आदिवासी का नहीं लगता है। बसंती कुमारी ने बताया कि वह खुद एक आदिवासी लड़की है और जमीन जिनसे खरीदा गया है, (मनसाय मांझी ) वे भी आदिवासी हैं तो फिर समाज के द्वारा मुझे क्यों परेशान किया जा रहा है, साथ ही बसंती से लक्ष्मण मिश्रा के रिश्ते के बारे में पूछने पर बताया कि लक्ष्मण से सिर्फ भवन निर्माण सामग्री का आर्डर दिया गया था । लक्ष्मण से उनका किसी तरह का रिश्ता नहीं है । इसके अलावा इन्होंने बताया कि समाज मेरे आय का श्रोत जानना चाहती है तो मैं 5 वर्ष तक बैंगलोर में काम की हूँ , इसके अलावा मैं सिलाई का भी काम करती हूँ, साथ उक्त जगह पर भवन निर्माण में मेरे भाई भी मुझे काफ़ी मदद करते हैं, बसंती ने कहा कि अब मामला न्यायलय में है और मुझे पूरी उम्मीद है कि मुझे न्याय मिलेगा । जमीन के मालिक मनसाय मांझी ने कहा कि मुझे बसंती को जमीन देने में किसी तरह कि कोई परेशानी नहीं है, मैंने अपनी मर्जी से बसंती को जमीन दिया है, दोनों कि बातें सुनने से इतना तो पता चलता है कि जमीन ख़रीददार और बेचने वाला दोनों ही आदिवासी हैं, तो फिर समाज को इनसे दिक्कत क्या है।

## आज नगर भवन में डॉक्टर रामेश्वर उरांव द्वारा मांदर वाद्ययंत्र का किया जाएगा वितरण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने बतलाया कि माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार कल दिनांक 19 अक्टूबर दिन गुरुवार को लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड में निम्न कार्यक्रम में शामिल होंग। लोहरदगा ब्लॉक परिसर के समीप नगर भवन लोहरदगा आगमन एवं माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा मांदर (वाद्ययंत्र) का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस,ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण,प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण गठबंधन दल के नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

## कांग्रेस की भौतिक सत्यापन को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को जिला कांग्रेस कमीटि के निर्देशानुसार पेशरार प्रखंड कांग्रेस कमीटि, के प्रखंड कमीटि,मंडल कमीटि, एवं पंचायत कमीटि की भौतिक सत्यापन हेतु समीक्षा बैठक बाजार टाड फुटबॉल मैदान पेशरार प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खैरवार की अध्यक्षता मैं रखी गई। जिला कांग्रेस कमीटि के जिला महासचिव सह पेशरार प्रखंड प्रभारी दीपक कुमार महतो जिला सचिव सह सहप्रभारी महेंद्र उरांव की उपस्थिति में पेशरार प्रखंड कमीटि,मंडल कमीटि,पंचायत कमीटि का सत्यापन किया गया। बैठक में प्रभारी दीपक महतो ने कहा कि यह बैठक संगठन की मजबूती एवं समीक्षा के लिए रखी गई है आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें अपनी जिम्मेवारियों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें एवं जिस भी कमीटी में जो कमी रह गई है उसे शीघ्र पूरा करें ताकि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा सके। पंचायत कमिटी की सत्यापन पंचायत स्तर पर ही किया जाएगा साथ ही साथ बूथ कमीटी का भी सत्यापन किया जाएगा। पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने पंचायत के सभी बूथों पर एक एक BLA (बूथ लेबल एजेंट) नियुक्त करना है जिसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। सह प्रभारी महेंद्र भगत ने बताया संगठन में कमीटी की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी पदाधिकारी गण समर्पित भाव पार्टी की मजबूती के लिये लग जाएं। जिला परिषद सदस्य सह महिला कांग्रेस पेशरार प्रखंड प्रभारी रूबी कुमारी ने कहा वर्तमान भाजपा सरकार में महिलाएं असुरक्षित है आदिवासी महिलाओं पर मणिपुर में अत्याचार किया गया,हम राहुल गांधी के साथ है,लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी संगठन मे महत्वपूर्ण है इसे और मजबूत करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पेशरार प्रखंड प्रभारी दीपक कुमार महतो, सह प्रभारी महेंद्र उरांव, प्रखंड अध्यक्ष विनोद खैरवार, सेवा दल के मुख्य संगठक, शंभू प्रजापति, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, प्रखंड महासचिव जियाउद्दीन अंसारी, शनेश्वर भुईया, पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र खैरवार, वासुदेव भगत महिला अध्यक्ष सरिता खलखो, उपाध्यक्ष शालिनी उरांव, मंडल अध्यक्ष औरंगजेब अंसारी एवं पंचायत एवं प्रखंड के फुल मनी उराव, फुलेश्वरी नगेसिया,पूनम कुमारी, असुर जयललिता कुमारी, बिगनी कुमारी उपस्थित थे।

# बढ़ते दिमाग को आकार देने का सही तरीका है खेलकूद प्रतियोगिता : विधायक भूषण बाड़ा

**संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में कॉलेज डिपार्टमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में कॉलेज डिपार्टमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में कॉलेज कमेटी ने फैकल्टी डिपार्टमेंट को 2-1 से एवं बालिका वर्ग में हिन्दी विभाग ने इतिहास विभाग को 1-0 से हराकर चैंपियन बना। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थी जीवन का अहम हिस्सा है।खेलकूद प्रतियोगिता बढ़ते दिमाग को आकार देने का सही तरीका है। उन्होंने कहा कि खेलकूद मानसिक कल्याण और शारीरिक फिटनेस के विकास में सहायता करते हैं। विधायक ने कहा कि खेल मनोवैज्ञानिक और वास्तविक कल्याण को प्रभावित किए बिना इसे प्रबंधित करने की दवा है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने से जहां शारीरिक विकास होता है, वहीं मानसिक वृद्धि भी होती है। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, परिश्रम की भावना भी उत्पन्न होती है, जो बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में सार्थक सिद्ध होती है। उन्होंने छात्रों को जीवन मे इमानदार और मेहनती बनने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने विजेता व खिलाडियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, फादर इमानुएल बरला, फादर ब्रूनो टोप्पो,फादर राजेश शांडिल्य, फा फेडरिक कुजूर, सुनील केरकेट्टा, बिपिन मिंज, सनी संतोष टोप्पो, अमित कुमार गुप्ता, जस्टिन सोरेंग,आलोक कुजूर, ईसान तिरु, प्रदीप एडवर्ड एक्का, अनिरुद्ध प्रसाद, अनिमेष रॉय, विल्सन बिलुंग, संदीप केरकेट्टा, संदीप रोशन कुल्लू, सुनी बसंत किंडो, दीपक एक्का आदि उपस्थित थे।

## हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला में झारखंड एशियन महिला हॉकी चैंपियनस ट्रॉफी रांची 2023 के ट्रॉफी का अनावरण और प्रदर्शन 23 अक्तूबर को होगा भव्य तरीके से

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के इतिहास में पहली बार आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी और झारखंड के इतिहास में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच 27 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में आयोजित झारखंड एशियन महिला हॉकी चैंपियनस ट्रॉफी रांची 2023 के ट्रॉफी का हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला में अनावरण और प्रदर्शन दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को पूर्वाहन 09.00 बजे से 11.30 बजे तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा के सामने स्थित वाहन पड़ाव में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सिमडेगा जिला के उपायुक्त महोदय श्री अजय कुमार सिंह को हॉकी झारखड के उपाध्यक्ष सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने मिलकर दिया । उपायुक्त महोदय ने इस कार्यक्रम को भव्यता के साथ कराने का निर्देश दिया और कहा इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों,खेल को बढ़ावा देने वाले खेल प्रेमियों और इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम में सामिल सिमडेगा की बिटिया सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के अभिभावकों को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम को भव्यता के साथ कराने की लिए जिला प्रशासन का पूरा सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

## चलते चलते एक नजर

### सूरत में सबसे बड़ा दानः 4 दिन के शिशु के अंगदान से 6 बच्चों को नवजीवन

**सूरत :** सूरत में सबसे कम उम्र के शिशु का अंगदान कराया गया है। महज साढ़े 4 दिन का शिशु दुनिया में आने के महज 111 घंटे में ही ब्रेन डेड घोषित हो गया। इसके बाद दुनिया छोड़कर जाते-जाते वह 6 लोगों को नवजीवन देकर सबसे बड़ा दाता बन गया है। जानकारी के अनुसार सूरत के वालक पाटिया के समीप गीतांजलि रॉ हाउस में रहने वाले और मूल अमरेली जिले के मालिया निवासी हर्षभाई और चेतनाबेन संघाणी के यहां 13 अक्टूबर को डॉ संजय पीपलवा के कलरव हॉस्पिटल में एक बालक का जन्म हुआ था। जन्म के बाद बालक में हलचल नहीं थी, वह रोया भी नहीं। जांच के बाद उसके विशेष इलाज के लिए डॉ. अतुल शेलडिया के केयर चिल्ड्रन हॉस्पिटल में दाखिल किया गया। यहां शिशु को वेंटिलेटर पर रखकर ठीक होने की राह देखी गई। विशेष इलाज कर रहे डॉ हिमांशु पानसुरिया (न्यूरो), डॉ रितेश शाह (न्यूरो), डॉ अतुल शेलडिया पीडियाट्रिशन ने बाद में शिशु को ब्रेनडेड घोषित कर दिया। बाद में पारिवारिक मित्र हितेष करकर ने डॉ. निलेश काछडिया से सम्पर्क होने के बाद शिशु के अंगदान के विषय में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद जीवनदीप ऑर्गन डोनेशन फाउंडेशन के पी एम गोंडलिया और विपुल तलाविया ने शिशु के पिता हर्षभाई और माता चेतनाबेन, चाचा व्रजभाई, दादा अतुलभाई, दादी रश्मीबेन सभी से विमर्श कर शिशु के अंगदान के महत्व को समझाया। बाद में सभी ने शिशु के अंगदान कर निर्णय किया।

### बिहार की राजधानी में लोगों से मिलने के लिए गाड़ी से उतर गईं द्रौपदी मुर्मू

**पटना (बिहार) :** तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पटना स्थित तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा से लौटते समय प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए आम लोगों से मिलीं। उनके यकायक गाड़ी से बाहर आने पर सुरक्षा में तैनात सभी अधिकारी और जवान हैरान हो गए। द्रौपदी मुर्मू ने आम लोगों से मुलाकात कर उनके अभिवादन को स्वीकार किया। तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा से लौटते समय यकायक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारकेड को रुकने का इशारा किया। फिर खुद गाड़ी से उतर कर सड़क के पास मौजूद स्थानीय लोगों के बीच पहुंच गईं और उनका अभिवादन स्वीकार किया। राष्ट्रपति ने वहां खड़े लोगों के साथ बच्चों से भी मुलाकात की। राष्ट्रपति गाड़ी से उतरकर लगभग 100 मीटर तक पैदल चलती रहीं।

### जर्मनी के पुस्तक मेले में भारत के 30 सरकारी व निजी प्रकाशकों के स्टाल

**नई दिल्ली :** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में आयोजित हो रहे दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले में साहित्य अकादमी भी भाग ले रही है। 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित इस पुस्तक मेले में दुनियाभर के 7000 से अधिक प्रकाशक भाग ले रहे हैं। इंडियन पेवेलियन में भारत के 30 सरकारी और निजी प्रकाशकों के स्टाल लगे हैं। साहित्य अकादमी के सचिव डा. के. श्रीनिवास राव ने बुधवार को बताया कि यह पुस्तक मेला पुस्तक बेचने से ज्यादा पुस्तकों के प्रकाशन को बढ़ावा देने, नए रुझानों, नवीनता और उसके विस्तार के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। साहित्य अकादमी ने अपने स्टाल पर अपने यहां से प्रकाशित 100 से अधिक पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं, जिससे उनके अनुवाद अनेक विदेशी भाषाओं में शीघ्र और बिना किसी अड़चन के प्रकाशित हो सकें।

# दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन तैयार

* सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

* आयुक्त एवं जोनल आईजी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां की गई है। लोक भावनाओं को आहत करने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने कही। अधिकारीदव्य दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर आज आईजी सभागार में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रेसवार्ता में उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद भी उपस्थित थे।

### असमाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

आयुक्त एवं आईजी ने बताया कि पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। पलामू प्रमंडल में उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है। पलामू जिले में 86, गढ़वा में 100, एवं लातेहार जिले में 64 उपद्रवियों को अबतक चिन्हित किया गया है। इसके अलावा पूर्व के कांडो में संलिप्त पलामू जिले के 100, गढ़वा के 50 एवं लातेहार जिले के 50 आरोपितों को चिन्हित कर उनकी धर-पकड़ की कार्रवाई चल रही है। इससे अलावा धारा 107 के अंतर्गत पलामू जिले में 2002, गढ़वा में 608 एवं लातेहार जिले में 901 लोगों को नोटिस निर्गत करते हुए तामिला कराया गया है। साथ ही 50 से अधिक व्यक्तियों को बॉड-ऑन किया गया है।

### प्रमंडल क्षेत्र में 1302 पंडाल

पलामू प्रमंडल में 1302 पूजा पंडाल बनाए गए हैं। पलामू जिला में 581, गढ़वा जिले में 575 एवं लातेहार जिले में 146 पूजा पंडाल निर्मित है। पूर्व की घटनाओं एवं सीमावर्ती राज्य की सीमाओं पर अवस्थित पूजा पंडालों को संवेदनशील पूजा पंडाल के रूप में चिन्हित किया गया है। पलामू जिले में 66, गढ़वा में 89, एवं लातेहार जिले में 47 पूजा पंडालों को संवेदनशील के रूप में चिन्हित करते हुए विशेष निगरानी की जा रही है।

### चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था

दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस जवानों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ होमगार्ड के जवान लगाए गए हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। पूजा पंडाल एवं उसके आसपास सादे लिबास में पुलिसकर्मी एवं दंडाधिकारी भी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।पलामू जिले में 83 क्यूआरटी टीम, गढ़वा में 42 एवं लातेहार जिले में 30 क्यूआरटी टीम बनाया गया है। इसके अलावा आईआरबी , जिला पुलिस एवं होम गार्ड के जवान लगाए गए हैं। पलामू के लिए रैफ जवानों की एक कंपनी की भी मांग की गई है। जरूरत पड़ने पर सीआरपीएफ की भी सेवा ली जायेगी। पूजा पंडालों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

## न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 149 रनों से हराया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान को 149 रनों से हरा दिया। इस मैच में न्यूजीलैंड के लिए गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ने 50 ओवर में 288 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड की ओर ये विल यंग ने 54 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान टॉम लैथम ने 68 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 71 रन की बेहतरीन पारी खेली।अफगानिस्तान की ओर से मुजीब उर रहमान और राशिद खान ने एक एक विकेट लिया। वहीं उमरजई और नवीन उल हक ने दो दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। अफगानिस्तान के बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाए। अफगानिस्तानी टीम के लिए रहमत शाह ने 36 रन बनाए। उनके अलावा अजमतुल्लाह उमरजाई ने 27 रन बनाए। हशमतुल्लाह शाहिदी ने 8 रन, इब्राहिम जादरान ने 14 रन, राशिद खान ने 8 रन बनाए। इन प्लेयर्स के खराब प्रदर्शन के कारण ही अफगानिस्तानी टीम 139 रनों पर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन और मिचेल सेंटनर ने 3-3 विकेट चटकाए। ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट चटकाए। मैट हेनरी और रचिन रवींद्र ने 1-1 विकेट चटकाया।

**वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने मिचेल सैंटनरः** अफगानिस्तान के खिलाफ मिचेल सैंटनर ने शानदार गेंदबाजी का नजारा पेश किया. मिचेल सैंटनर ने 7.4 ओवर में 39 रन देकर 3 खिलाड़ियों को अपना शिकार बनाया. वहीं, अब मिचेल सैंटनर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में टॉप पर पहुंच गए हैं. अब तक मिचेल सैंटनर ने 4 मैचों में 15.09 की एवरेज से 11 विकेट झटके हैं.

इसके बाद दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी हैं. इस गेंदबाज ने 4 मैचों में 18 की एवरेज से 9 विकेट लिए हैं. जसप्रीत बुमराह तीसरे नंबर पर काबिज हैं. जसप्रीत बुमराह ने 3 मैचों में 11.62 की एवरेज से 8 विकेट लिए हैं.

## एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के द्वारा निकाला गया मेरी माटी मेरा देश अभियान यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के द्वारा बीएड व डीएलएड के सभी छात्र-छात्राओ और प्राध्यापकों के सहयोग से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदम्बा सिंह और एनएनएस कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र कुमार की नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश के अभियान यात्रा चियाकी गांव में निकाली गई। इस कार्यक्रम में गांव के घरों से माटी लिए और माटी के महत्व को गांव के जनता को बताया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजमुनी सिंह के सहयोग से माटी लिए गए। साथ ही कुछ स्लोगन

हम घर-घर मे जाएंगे।

माटी के महत्व समझाएंगे। मेरी माटी मेरा देश,जन-जन का हो यह संदेश। वीरो का सम्मान है माटी।

संस्कृति का उत्त्थान है माटी आदि के माध्यम से देश और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराया गया।

और राष्ट्र व्यापी अभियान का नारा देकर देश के प्रति जागरूक किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत आसपास के घरों से एक चुटकी अच्छत व मिट्टी कलश में एकत्रित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के प्रत्येक ब्यक्ति को देश की माटी के महत्व से जोड़ना है।

## गाजा के अस्पताल में 500 मौतों का जिम्मेदार कौन?



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** गाजा के अल अहली अरब अस्पताल पर वो रॉकेट किसने छोड़ा जिसकी चपेट में आकर 500 लोगों की मौत हो गई ? इस हमले को लेकर इजरायल और हमास एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं. फिलीस्तीन के अधिकारियों का कहना है कि ये हमला इजरायल की सेना ने मंगलवार शाम को लगभग 7 बजे किया. इस हमले में दर्दनाक और दहला देने वाली तबाही हुई है.गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि रॉकेट से हमले के बाद अस्पताल में धमाका हुआ. ये टारगेटेड रॉकेट इजरायली वायु सेना की ओर से छोड़ा गया है. वहीं इजरायल ने इस आरोप से इनकार किया है. इजरायल की सेना का कहना है कि ये रॉकेट फिलीस्तीनी संगठन फिलीस्तीन इस्लामिद जिहाद ने इजरायल को निशाना बनाने के लिए छोड़ा था. लेकिन उनका ये रॉकेट मिसफायर हो गया और गाजा के अस्पताल पर जाकर गिरा. हालांकि फिलीस्तीन इस्लामिद जिहाद ने इजरायल के आरोपों को गलत करार दिया है.

### इजरायल ने क्या दी प्रतिक्रिया ?

इजरायल ने इस हमले में अपनी भागीदारी होने से साफ साफ मना किया है. इजरायल का दावा है कि ये हमला फिलीस्तीन इस्लामिद जिहाद की ओर से जोड़े गए रॉकेट के फटने का नतीजा है जिसे इजरायल को टारगेट बनाने के लिए छोड़ा गया था. लेकिन निशाना चूकने (मिसफायर) की वजह से ये रॉकेट इस अस्पताल पर आकर फट गया.इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,आईडीएफ के ऑपरेशनल सिस्टम के विश्लेषण से संकेत मिलता है कि गाजा में आतंकवादियों द्वारा रॉकेटों की बौछार की गई थी, जो गाजा में अल अहली अस्पताल के करीब से गुजर रही थी.हमारे हाथ लगे कई स्रोतों से मिली खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि गाजा में अस्पताल पर हमला करने वाले असफल रॉकेट लॉन्चिंग के लिए इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार है. नेतन्याहू ने कहा कि पूरी दुनिया को पता होना चाहिए ये गाजा में बर्बर आतंकवादी थे जिन्होंने गाजा में अस्पताल पर हमला किया था, न कि आईडीएफ ने.

### फिलीस्तीन इस्लामिक जिहाद का क्या कहना है ?

फिलीस्तीन इस्लामिक जिहाद ने इजरायल के दावों को नकार दिया है और कहा है कि हमले के लिए इजरायल ही जिम्मेदार है. फिलीस्तीन इस्लामिक जिहाद ने कहा,यहूदी दुश्मन हमेशा की तरह अपने झूठ गढ़कर और फिलीस्तीन में इस्लामिक जिहाद आंदोलन पर दोष मढ़कर, गाजा में बैपटिस्ट अरब नेशनल हॉस्पिटल पर बमबारी करके किए गए क्रूर नरसंहार से अपनी जम्मिेदारी से बचने की पूरी कोशिश कर रहा हैफिलीस्तीन इस्लामिक जिहाद ने कहा कि इसलिए हम पुष्टि करते हैं कि दुश्मन द्वारा लगाए गए आरोप झूठे और निराधार हैं.

## अवैध शराब मामले में दोषी को चार साल की सजा



**रांची :** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्ण कांत मिश्र की अदालत ने बुधवार को अवैध तरीके से विदेशी शराब का कारोबार मामले में सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपित विष्णु तिर्की को दोषी पाकर चार साल की सजा और 25 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आरोपित को उत्पाद विभाग ने नौ नवंबर 2019 को गिरफ्तार किया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से उत्पाद विभाग के दारोगा अमित कुमार गुप्ता सहित चार गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं कल्पना सोरेन से जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 2 नवंबर से 6 नवंबर 2023 तक मोरहाबादी स्थित आर्मी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला-2023 की तैयारियों से अवगत कराया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने जेसोवा दीवाली मेला-2023 के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बतौर मुख्य अतिथि एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह,उपाध्यक्ष नमिता सिंह एवं श्रीमती प्रीति कुमार, सचिव श्रीमती मनु झा,सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी, रंजना कुमार उपस्थित थीं।

छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री धामी का तोहफा

## भोजन भत्ते में की गई दोगुनी बढ़ोत्तरी



* प्रदेश के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों पर इन आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के भोजन भत्ते में दोगुनी बढ़ोत्तरी की गई है। भोजन भत्ते में हुई यह अब तक की सर्वाधिक बढ़ोत्तरी भी है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बच्चों से विशेष लगाव है।अक्सर वे जब भी किसी विद्यालय या आवासीय विद्यालय परिसर में जाते हैं तो बच्चों के साथ हल्के फुल्के पल बिताते हुए नजर आ जाते हैं। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री धामी ने अपना जन्मदिन भी विशेष तौर से बनियावाला में स्थित आवासीय छात्रावास में बच्चों के बीच जाकर मनाया था। मुख्यमंत्री ने राज्य के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हुए हैं कि कि इन आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का विशेष ख्याल रखा जाए। अब मुख्यमंत्री ने राज्य के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विधायक में अध्ययनरत तमाम छात्र-छात्राओं को तोहफा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर इन आवासीय विद्यालयों में पड़ रहे बच्चों के दैनिक भोजन भत्तों में ऐतिहासिक दोगुना दर से वृद्धि की गई है। दैनिक भोजन के लिए छात्रों हेतु 150 रुपये प्रतिदिन की धनराशि को मंजूरी प्रदान की गई है।

शिक्षा सचिव श्री रविनाथ रमन की ओर से आज इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा श्री वंशीधर तिवारी ने अवगत कराया है कि यह वृद्धि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के छात्रावासों में पंजीकृत विद्यार्थियों हेतु भोजन भत्ता मद में की गई है। इस संबंध में समस्त जनपदों के अधिकारियों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।

## स्वास्थ्य योजनाओं को सरल व सहज बनाएं : मुख्यमंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना,आयुष्मान भारत योजना,कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा संचालित अस्पतालों की स्थिति एवं 108 एंबुलेंस सेवा के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना तथा आयुष्मान भारत योजना का लाभ राज्य की जनता को वास्तविक और पूर्ण रूप से मिले यह सुनिश्चित करें। इन स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत जो नए प्रावधान किए गए हैं उनका पूरा उपयोग हो। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रक्रियाओं में कोई जटिलता न रहे इसका पूरा ख्याल रखें। राज्य की जनता को चिकित्सा अनुदान का पूरा लाभ सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज को नियम के चक्करों में न उलझाएं। योजनाओं का लाभ लेने को लेकर कहीं कोई भ्रम की स्थिति न उत्पन्न हो इस निमित्त प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाएं।

### हर हाल में सुधरे 108 एंबुलेंस सेवा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। राज्य के भीतर 108 एंबुलेंस सेवा आगामी 15 नवंबर 2023 तक हर हाल में सुधरनी चाहिए। उक्त तिथि तक सभी एंबुलेंस पूर्ण रूपेण कार्यरत किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि एंबुलेंस सेवाओं में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर हाल में चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करें। एंबुलेंस सेवा सुचारु रूप से जनता को समय से उपलब्ध होनी चाहिए। संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं होगा। बैठक में पंजीकृत श्रमिक वर्ग के स्वास्थ्य बीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पंजीकृत श्रमिकों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए अस्पताल की स्थापना को लेकर की चर्चा

बैठक में मुख्यमंत्री के समकक्ष अधिकारियों द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा संचालित नामकुम (रांची), आदित्यपुर (सरायकेला-खरसावां) एवं मैथन (धनबाद) स्थित अस्पतालों के अद्यतन कार्य प्रगति की रखी गई। आने वाले समय में बोकारो एवं देवघर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए अस्पताल की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा सेवा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव।वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, श्रमायुक्त संजीव बेसरा, एमडी एनएचएम आलोक त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।